RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 212 | SUNDAY 09-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


## गुस्ताखी माफ



बाकी में भी था मगर, थोड़ी थी मिकदार।
लेकिन थी छब्बीस में, जल की फुल भरमार।
जल की फुल भरमार, सभी में नीर मिलाया।
बिना मिलावट नहीं, एक भी सैंपल पाया।
कह साहिल कविराय, कभी ना रोके खाकी।
पानी डाला करें, दूध में जितने बाकी।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल







# फूड आप्रेटरों की किचन में छुपा बीमारियों का राज

## कभी कभार ही होते हैं इंप्रूवमेंट नोटिस जारी

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 8 अगस्त। शहर में खाने-पीने की वस्तुओं का कारोबार करने वाले यानी फूड बिजनैस आप्रेटरों की किचन में बीमारियों का राज छिपा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक हफ्ते की कार्रवाई में लगभग सैम्पल लेने के साथ कुछ लोगों को इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किए जाते हैं।

यह नोटिस किचन की बदतर हालत, खाने-पीने की वस्तुओं को ढक कर न रखने, किचन में गंदगी, मक्खियों का आलम, वर्करों के मैडीकल न होना, बढ़े नाखून व तमाम अनहाईजैनिक माहौल के मद्देनजर जारी किए गए हैं। जहां पहले खाने-पीने की वस्तुओं में मक्खियां, कीड़े-मकौड़े निकलते थे, अब काक्रोच भी निकल नहीं शुरू हो गए हैं स्वास्थ्य अधिकारियों का मानना है कि जब फूड बिजनेस ऑपरेटर हाइजीन का ध्यान नहीं रखेगा तो कीड़े मकोड़े तो निकालेंगे इसका मतलब यह है कि लोगों में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही बीमारियों में ऐसे लोगों का भी हाथ है, जो खाने पीने की वस्तुओं के निर्माण और बिक्री का व्यवसाय तो करते हैं पर सफाई पर ध्यान नहीं देते। स्वास्थ्य विभाग ऐसे मामलों में आमतौर पर इंप्रूवमेंट नोटिस जारी करता है परंतु जुमार्ने बहुत कम किए जाते हैं




### गंदगी को लेकर किसी का नहीं हुआ लाइसेंस रद्द

खाने पीने की वस्तुओं का निर्माण करने वाले अथवा बिक्री करने वालों में हाइजीन कंडीशन ना होने के कारण शहर ही कभी लाइसेंस रद्द हुआ हो लाइसेंस तब रद्द किया जाता है जब जब किसी फूड बिजनेस ऑपरेटर से तैयार खाद्य वस्तु से कोई व्यक्ति बीमार हुआ हो और उसकी शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग की टीम कार्रवाई करने के लिए आई हो ऐसे में किचन की स्थिति का आकलन भी किया जाता है।

### क्या हैं आवश्यक नियम

- खाने-पीने की वस्तुएं ताजी हों।
- फर्श साफ-सुथरा व जालीदार दरवाजे हों।
- किचन में मक्खियां, कीड़े-मकौड़े, छिपकलियां न हों।
- कर्मचारियों के मैडीकल हों, खाद्य वस्तुओं के बनाने व सर्व करने दौरान उन्होंने एप्रेन डाला हो।
- सिर पर टोपी, हाथों में दस्ताने डाले हों।
- वर्करों में नाखून बढ़े हुए न हों, उन्हें कोई संक्रमण रोग न हो।
- किचन में अनहाईजेनिक कंडीशन न हो।
- किचन या वर्कशाप में दीवारों पर सफेदी करवाई हो।

एक उच्च अधिकारी ने बताया कि जिन लोगों द्वारा फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट के मापदंड पूरे नहीं किए जाते, उन्हें जुमार्ना और लाइसेंस रद्द करने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि नए नियमों में दुकानदार को 2 बार 15-15 दिन का इम्प्रूवमैंट नोटिस जारी किया जा सकता है। उसके बाद भी अगर वह सफाई व्यवस्था आदि में सुधार नहीं करवाया तो उसका लाइसेंस रद्द करने का प्रावधान है। नोटिस के अलावा जहां किचन में हाईजेनिक कंडीशन न हो, वहां से सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजे जाते हैं। सैम्पल फेल होने पर जुर्माने व सजा का प्रावधान है।

### गंदगी में बनती है सोया चाप

सोया चाप का निर्माण अधिकतर गंदगी में ही किया जाता है क्योंकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जितनी बार भी ऐसे परिसरो पर कार्रवाई की गई जहां सोया चाप बनती है तो स्थिति बहुत खराब पाई गई। परंतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस नियमित जांच में शामिल नहीं किया गया लिहाजा साल में एक दो बार ऐसे परिसरों की जांच होती है जहां सोया चाप बनती है। ऐसे में जो भी फूड बिजनेस ऑपरेटर साफ सफाई का ध्यान नहीं करते उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए ऐसा लोगों का मानना है

# पांच दिवसीय स्प्रिंट बॉक्सिंग प्रशिक्षण शिविर संपन्न



पंचकूला/यूटर्न/08 अगस्त। ताऊ देवीलाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-3 में आयोजित पांच दिवसीय स्प्रिंट बॉक्सिंग प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को उत्साह के साथ समापन हुआ। शिविर का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर बॉक्सिंग प्रशिक्षण देकर उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विजय कुमार दहिया के मार्गदर्शन में किया गया। हरियाणा समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना निदेशक स्वप्निल रवींद्र पाटिल तथा संयुक्त राज्य परियोजना निदेशक डॉ. मयंक वर्मा की अगुवाई में खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। समापन समारोह में एसोसिएट कंसल्टेंट डॉ. सुधीर शर्मा ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लाभ बताए और नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया। जिला परियोजना अधिकारी जोगिंदर लाठर ने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना विकसित करते हैं। विपुल शर्मा ने खिलाड़ियों से अपने जिलों में अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों से जोड़ने का आह्वान किया। डीपीआई दयानंद ने बॉक्सिंग में तकनीक, फिटनेस और निरंतर अभ्यास को सफलता की कुंजी बताया। खिलाड़ियों ने भी अपने प्रशिक्षण अनुभव साझा किए।

# आरोपी के कार्ड से निजी खर्च! इमिग्रेशन केस की जांच कर रहे अरक्पर गंभीर आरोप, निलंबित

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/08 अगस्त। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के बीच चंडीगढ़ पुलिस के एक एएसआई पर जांच के दौरान आरोपी के पैसों और बैंक कार्ड का कथित तौर पर निजी इस्तेमाल करने के गंभीर आरोप लगे हैं। मामला सामने आने के बाद विभाग ने सेक्टर-17 थाने में तैनात एएसआई आशीष प्रताप सिंह को निलंबित कर दिया है।



उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। मामला सेक्टर-17 स्थित स्काई हाई इमिग्रेशन से जुड़े धोखाधड़ी के केस की जांच से संबंधित है। पुलिस ने इस मामले में तत्कालीन संचालकों शांतनु और बलजिंदर के खिलाफ केस दर्ज किया था। मामले की जांच एएसआई आशीष प्रताप सिंह को सौंपी गई थी। दोनों आरोपियों को पुलिस ने डेराबस्सी से गिरफ्तार किया था।

# गढा रोड पर स्थित स्पा सेंटर में पुलिस की रेड

अशोक सहगल

जालंधर यूटर्न 8 अगस्त। जालंधर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शहर में एक स्पा सेंटर में रेड कर स्पा सेंटर में मौके पर युवक-युवतियों को काबू किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, थाना 7 के अधीन आते गढ़ा रोड पर स्थित ग्रैंड स्पा सेंटर में देह व्यापार का धंधा चलने की सूचना मिलने पर पुलिस ने रेड की है। इस दौरान पुलिस 4 से 6 युवक और 8 से 10 युवतियों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। बताया जा रहा है कि इलाके में स्पा सेटरों के बारे में पुलिस को कई बार शिकायतें मिल रही थी, जिसके चलते आज पुलिस ने स्पा सेंटर पर रेड की। जिसके बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए कई युवक-युवतियों को हिरासत में लिया है। उल्लेखनीय है कि शहर के अलग-अलग क्षेत्र में दुकानों में घरों में स्पा सेंट्रो का संचालन किया जा रहा है बताया जाता है कि स्पा सेंटर की आड़ में कई जगह देह व्यापार का धंधा चल रहा है लोगों के कहना है कि समय-समय पर पुलिस स्पा सेंटर पर रेड करती है परंतु कार्रवाई के बावजूद शहर में स्पा सेंटर चलते रहते हैं।



# उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने विशेष निर्वाचन सेवा शिविरों का किया औचक निरीक्षण

चंडीगढ़/यूटर्न/08 अगस्त। उपायुक्त यूटी चंडीगढ़ निशांत कुमार यादव ने शनिवार को शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर 8 और 9 अगस्त को आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय विशेष निर्वाचन सेवा शिविरों की व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली का जायजा लिया। ये विशेष शिविर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली और बूथ लेवल अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने बीएलओस को निर्देश दिए कि शिविरों में पहुंचने वाले नागरिकों को मतदाता सूची और निर्वाचन संबंधी सेवाओं के लिए आवश्यक सहायता एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए।



चंडीगढ़ के सभी मतदान केंद्रों पर 8 और 9 अगस्त को विशेष निर्वाचन सेवा शिविर लगाए जा रहे हैं। नागरिक अपने संबंधित मतदान केंद्र पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम जांच सकते हैं और निर्धारित निर्वाचन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

**20 अगस्त तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का मौका...** प्रशासन के अनुसार 21 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि निर्धारित की गई है। इस दौरान पात्र नागरिक निर्धारित घोषणा-पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रारूप मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने के लिए दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। जो नागरिक 1 जुलाई 2026 को या उससे पहले 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं अथवा 1 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले हैं, वे प्रपत्र-6 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त निर्वाचक नामावली पर्यवेक्षक भी विशेष शिविरों की व्यवस्थाओं और प्रगति का निरीक्षण करेंगे।

**1950 हेल्पलाइन और ECINET ऐप से मिलेगी सहायता...** निर्वाचन संबंधी किसी भी जानकारी या सहायता के लिए नागरिक वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा ECINET मोबाइल एप्लीकेशन पर उपलब्ध "Book a Call Request with BLO" सुविधा के माध्यम से भी बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

**युवाओं से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील...** उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने चंडीगढ़ के उन सभी युवा निवासियों से विशेष अपील की है, जिन्होंने 1 जुलाई 2026 को या उससे पहले 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है अथवा उस तिथि तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले हैं। उन्होंने युवाओं से विशेष निर्वाचन सेवा शिविरों के दौरान अपने निकटतम मतदान केंद्र पर जाकर प्रपत्र-6 जमा करवाने और अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने का आग्रह किया।

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 212 | SUNDAY 09-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## एक ही रात दो वाहन चोरी, पिकअप और मोटरसाइकिल ले गए चोर

जीरकपुर/यूटर्न/08 अगस्त। जीरकपुर थाना क्षेत्र में एक ही रात दो अलग-अलग स्थानों से वाहन चोरी होने के मामले सामने आए हैं। चोर न्यू डिफेंस कॉलोनी से एक महिंद्रा वीरो पिकअप और शर्मा एस्टेट से हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में न्यू डिफेंस कॉलोनी, पटियाला रोड निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि वह कार्तिक इंटरनेशनल पैकर्स एंड मूवर्स में पार्टनर है। कंपनी के नाम पर पंजीकृत महिंद्रा वीरो पिकअप उसने मकान नंबर-26 के बाहर खड़ी की थी।

जन हितैषी | यूटर्न टाइम PRESENTS
PUNJAB'S BIGGEST RECOGNITION FOR YOUNG ENTREPRENEURS
WESTERN LIVING PVT. LTD.
YEA 2026
YOUNG ENTREPRENEUR AWARDS
POWERED BY RALSON TYRES
IN ASSOCIATION WITH kothari marbles
SCAN QR TO REGISTER
LAST CALL FOR NOMINATIONS ENTRIES CLOSE TODAY.
FOR MORE DETAILS, CONTACT:
+91-99153-61166 | +91-95690-30002 | +91-99882-20063
janhetaishiuturntimesevents@gmail.com
VENUE: NIRVANA LUXURY HOTEL, LUDHIANA

# PMLA एक्ट के तहत 6 इंडस्ट्रियल इकाइया ED की राडार पर!

# गलाडा, हाउसिंग सहित कई विभागों को लेटर जारी कर मांगा रिकॉर्ड


राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/8 अगस्त। ईडी की ओर से पीएसआईडीसी (पंजाब कोर इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्प) के प्लॉटों की सेल परचेज को लेकर हुए घोटाले की जांच तेज कर दी गई है। जिसके चलते कुछ दिन पहले जहां चंडीगढ़, लुधियाना, अमृतसर और जालंधर में एक साथ कई ठिकानों पर रेड की गई थी। वहीं अब इस जांच के दौरान मिले दस्तावेजों के आधार पर आगे की इन्वेस्टिगेशन शुरू कर दी है। जिसके चलते लुधियाना की छह नामी इंडस्ट्रियल कंपनियां ईडी की जांच के घेरे में आ चुकी है। हालांकि यूटर्न टाइम अखबार द्वारा दो दिन पहले ही इसका खुलासा कर दिया गया था। लेकिन अब एक लेटर सामने आया है।

जिसे ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर मोहित गोदारा द्वारा ग्लाडा के एस्टेच ऑफिसर को भेजा गया है। जिसमें फोकल पॉइंट, फेज-8, ढंडारी कलां में स्थित छह कंपनियों के नाम लिखकर उन्हें पीएसआईडीसी द्वारा अलॉट किए प्लॉटों की जानकारी मांगी गई है। इस रिकॉर्ड को जल्द से जल्द भेजने के आदेश भी दिए गए हैं। इस लेटर के सामने आने के बाद कारोबारी सेक्टर में हलचल मच चुकी है। जिसके चलते पीएसआईडीसी से पहले जमीनें अलॉट कराने वाले कारोबारियों को अपना पाला पड़ा हुआ है।

## PSIDC के प्लॉटों की अलॉटमेंट में हेरफेर का मामला



Sir,

Please refer to the subject cited above.

2. This Directorate is conducting investigation in respect of below mentione[d] entities and its related entities under the provisions of Prevention of Mone[y] Laundering Act, 2002. In this regard, it is learnt that the said entities wer[e] allotted undeveloped land as per the table mentioned below by Govt. o[f] Punjab through off the shelf scheme in Focal Point, Phase VIII, Dhanda[ri] Kalan, Ludhiana as detailed below:

| Sr. No. | Name of Entity to whom the land was allotted | Area of the land allotted |
|---|---|---|
| 1 | M/s Vardhman & Mahavir Spinning General Mills Limited | 60 Acres |
| 2 | M/s Royal Industries Limited | 20 Acres |
| 3 | M/s Hero Cycles Limited | 100 Acres |
| | M/s Oswal Fats & Oils Limited | 100 Acres |
| 5 | M/s Ritesh Industries (Ludhiana) | 40 Acres |
| 6 | M/s Avon Cycles Limited | 20 Acres |

ईडी द्वारा जारी किया गया लेटर

## अलॉटमेंट की शर्तों का उल्लंघन होने की चर्चाएं

ईडी को जांच के दौरान कई सुराग मिले हैं। चर्चा है कि पंजाब सरकार द्वारा इन कंपनियों को ऑफ द शेल्फ योजना के तहत कई शर्तों पर इंडस्ट्रियल जमीन की अलॉटमेंट की थी। इन अलॉटमेंट में कई शर्ते है, इस लेटर से कई खुलासे हो सकते है। अलॉटमेंट लेटर की मुख्य शर्ते थी कि जिस कंपनी को जमीन दी जा रही है, वहीं इंडस्ट्री वहां लग सकेगी। न तो उसका कभी सीएलयू हो सकेगा, न ही टुकड़ों में बांटी जा सकेगी और न ही इंडस्ट्री की नेचर बदली जा सकती थी। यानि कि अगर साइकिल इंडस्ट्री को अलॉट हुई, तो वहां उसके अलावा दूसरी इंडस्ट्री नहीं लग सकती थी। वहीं अगर किसी ने यूनिट लगाया, लेकिन वे फेल हो गया तो उक्त जमीन वापिस सरकार को दी जानी थी। लेकिन ईडी की जांच में सामने आया कि इन कंपनियों द्वारा शर्तों का उल्लंघन किया गया है।

## कभी एक्शन न होने की सोचकर शर्तें तोड़ने की चर्चाएं

वहीं ईडी के इस एक्शन के बाद कई तरह की चर्चाएं निकलकर सामने आ रही हैं। जिसमें कहा जा रहा है कि इन कंपनियों की पहचान देश विदेश तक है। जिसके चलते इन्हें आशंका नहीं थी कि शर्तों का उल्लंघन करने पर उन पर कभी एक्शन हो सकता है। लेकिन निष्पक्ष तौर पर जांच कर रही ईडी द्वारा शिकंजा कसने के बाद इन कंपनियों के हेरफेर भी सामने आ गए।

## इन कंपनियों को अलॉट हुई थी इतनी जमीन

दरअसल, ईडी द्वारा जारी लेटर के मुताबिक छह कंपनियों का रिकॉर्ड मांगा गया है। जिसमें उनके नाम और अलॉट हुई जमीन की जानकारी भी दी गई है। इस मुताबिक एवन साइकिल लिमिटेड को 20 एकड़, वर्धमान एंड महावीर स्पिनिंग जनरल मिल्स लिमिटेड को 60 एकड़, रॉयल इंडस्ट्रीज लिमिटेड को 20 एकड़, हीरे साइकिल लिमिटेड को 100 एकड़, ओसवाल फैट्स एंड ऑयल लिमिटेड को 100 एकड़, रितेश इंडस्ट्रीज लुधियाना को 40 एकड़ जमीन अलॉट हुई थी।

## ग्लाडा से मांगा गया यह रिकॉर्ड

ईडी की ओर से ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (ग्लाडा) के एस्टेट ऑफिसर को लेटर में कई प्वाइंट्स बनाकर रिकॉर्ड मांगा गया है। जिसमें यह रिकॉर्ड मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मांगा गया है। जिसमें उक्त कंपनियों को अलॉट की जमीनों के चेंज ऑफ लैंड यूज (सीएलयू) और लेआउट को मंजूरी देने के दस्तावेज, क्या ग्लाडा द्वारा पहले लेआउट प्लान को मंजूरी देने के बाद लेआउट में कोई बदलाव किया गया था, क्या यह जांच की गई कि उक्त जमीन पर मालकी हक 60 प्रतिशत इंडस्ट्रियल जमीन विकसित करने की शर्त थी, उक्त कंपनियों की जमीनों की अलॉटमेंट से संबंधित नेट रेजिडेंशियल डेंसिटी देने के आदेश किए गए हैं।

## कंपनियों द्वारा नेचर बदलने की चर्चाएं

वहीं जांच में सामने आया है कि उक्त कंपनियों को जिस इंडस्ट्री को लगाने के लिए जमीनें अलॉट की गई थी, उन्होंने उसमें बदलाव किया। उक्त कंपनियां नामी फर्में है। जिसके चलते कइयों के परिवारों में बंटवारे होने के बाद जमीनें भी बांट दी गई। जिसके चलते आज हीरो साइकिल को अलॉट हुई जमीन की मालकी किसी और के पास है। वहीं रितेश इंडस्ट्रीज की जमीन पहले दूध कंपनी को अलॉट हुई थी। लेकिन वहां सीएलयू करके हैप्टन होम्स बना दिए गए। इसी तरह एवन साइकिल को अलॉट जमीन पर स्टील इंडस्ट्री लगा दी गई, जो कि एवन इंडस्ट्री के अधीन नहीं आती।



# दोस्तों को छोड़ने जा रहे युवक की सरेआम गोलियां मारकर हत्या, परिवार ने एनकाउंटर तक संस्कार न करने का किया ऐलान

## परिवार का आरोप, पुलिस को पहले ही दी थी शिकायत, एक्शन लेते तो हो जाता बचाव

लुधियाना/यूटर्न/8 अगस्त। टिब्बा रोड पर प्राचीन गौशाला भाग-2 के सामने वाली गली में दोस्तों को छोड़ने जा रहे एक युवक को दूसरी कार सवार युवकों ने रास्ते में घेर लिया। जिसके बाद उन्होंने उतरते ही फायरिंग शुरू कर दी। उन्होंने पांच गोलियां मारी, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। उसके दोस्तों ने बचाव में ईंटें मारी, लेकिन हमलावरों ने उन पर भी गोलियां दाग दी। जिससे वे अपना बचाव कर भाग निकले। जिसके बाद हमलावर सरेआम हवा में हथियार लहराते हुए फरार हो गए। इस हादसे के बाद परिवार द्वारा आरोपियों के एनकाउंटर तक संस्कार न करने का ऐलान किया है। मृतक की पहचान टिब्बा रोड के हरजिंदर सिंह (25) के रूप में हुई है। मामले की सूचना मिलने पर थाना टिब्बा की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। उक्त वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है। अभी हमले के कारण का पता नहीं चल सका है।



मृतक हरजिंदर सिंह की फाइल फोटो



हरजिंदर के दोस्तों पर फायरिंग करता हमलावर

### घेरा पड़ने पर कार में फंस गया था हरजिंदर

दरअसल, शुक्रवार रात हरजिंदर कार में दोस्तों के साथ बाहर होटल पर खाना खाने गाया था। वापस लौटते हुए एक दोस्त को उसकी एक्टिवा उठाने के लिए छोड़ने गया था। इस दौरान बदमाशों ने अपनी कार उसकी कार के आगे लगा दी। हरजिंदर के तीनों दोस्त तो भाग निकले, लेकिन वे कार में फंस गया। जिस कारण वे निकल नहीं पाया और हमलावरों ने गोलियां मार दी। हरजिंदर का एक दोस्त उसे बचाने के लिए हमलावरों पर पत्थर फेंकता है, लेकिन एक आरोपी उन पर फायरिंग कर दी।

### परिवार का इकलौता बेटा था हरजिंदर

हरजिंदर के पिता ने बताया कि हरजिंदर उनका इकलौता बेटा था। उसकी बहन विदेश में है, जिसका रो रोकर बुरा हाल है। हरजिंदर ऑनलाइन गारमेंट सेल करने का काम करता था। परिवार का कहना है कि पुलिस अक्सर एनकाउंटर करती है। जिसके चलते उनकी मांग है कि आरोपियों का एनकाउंटर किया जाए, उसके बाद ही संस्कार किया जाएगा। एसएचओ गगनप्रीत सिंह ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर ही है।

### आरोपियों का एनकाउंटर, अफसरों पर कार्रवाई के बाद संस्कार

उक्त हमलावरों के साथ हरजिंदर का पहले भी झगड़ा हुआ था। जिसकी पुलिस को शिकायत भी दी थी। लेकिन पुलिस ने एक्शन नहीं लिया। तब पुलिस को कहा भी था कि उन्हें हमले की आशंका है। अगर तब पुलिस कार्रवाई कर देती, तो आज उनका बेटा उनके पास होता। उन्होंने कहा कि आरोपियों का एनकाउंटर और लापरवाही करने वाले अफसरों पर कार्रवाई के बाद ही संस्कार किया जाएगा।

# पारंपरिक गिद्दे और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ मनाया हरियाली तीज उत्सव

## महिलाओं ने लोकगीतों और बोलियों पर बांधा समां, गुरदर्शन सिंह सैनी रहे मुख्य अतिथि

जीरकपुर/यूटर्न/08 अगस्त। पंचकूला रोड स्थित एक रिजॉर्ट में शनिवार को महिलाओं की ओर से हरियाली तीज का त्योहार उत्साह और पारंपरिक अंदाज में मनाया गया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। पंजाबी लोकगीतों और बोलियों पर महिलाओं की ओर से प्रस्तुत पारंपरिक गिद्दा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। इस दौरान विभिन्न व्यंजनों के स्टाल भी लगाए गए। कार्यक्रम में डेराबस्सी हलके के वरिष्ठ भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। हरदीप सिंह सैनी और भाजपा जिला ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह सैनी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजकों की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया। तीज उत्सव के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर पंजाबी संस्कृति के अलग-अलग रंग प्रस्तुत किए। लोकगीतों और बोलियों की धुन पर महिलाओं ने गिद्दा डालकर खूब समां बांधा। खाने-पीने के विभिन्न स्टालों पर भी महिलाओं की भीड़ रही।



महिलाओं ने एक-दूसरे को तीज की शुभकामनाएं देकर उत्सव की खुशियां साझा कीं। मुख्य अतिथि गुरदर्शन सिंह सैनी ने महिलाओं को हरियाली तीज की बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और विरासत से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक और आपसी भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की।

इस अवसर पर निधि बल्लोनी, मंडल अध्यक्ष सुरेश खटकड़, कृष्णा, पार्षद दीपक नेगी, पार्षद अलका सैनी, नेहा, जसप्रीत कौर, नीतू खुराना, राकेश गोदारा, परवीन मित्तल, मंडल अध्यक्ष सतपाल बंसल, मोनू शर्मा, प्रदीप शर्मा, पुष्पिंदर मेहता, सनत भारद्वाज सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने एक-दूसरे को तीज की बधाई दी।

# अकालियों को महिला आरक्षण और परिसीमन दोनों भाए...यह कैसे हुआ?

राजनीतिक सिद्धांतों को फिर से समझने के कई तरीके हैं। शिरोमणि अकाली दल (SAD) को इनमें से एक बहुत सुविधाजनक तरीका मिल गया है: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के तुरंत बाद उन्हें समझना। SAD अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की मोदी से मुलाकात के एक दिन बाद, अकाली दल ने घोषणा की कि वह महिला आरक्षण का समर्थन करता है और परिसीमन के लिए भी तैयार है — बशर्ते यह प्रक्रिया 'निष्पक्ष' हो और इससे किसी राज्य को नुकसान न हो। समय कैसे बदलता है।



संदीप शर्मा, सम्पादक

कुछ समय पहले तक, परिसीमन उन विषयों में से एक था जिस पर राजनीतिक पार्टियाँ तुरंत शक करने लगती थीं। यह मामला इसलिए भी विवादित था क्योंकि लोकसभा सीटों का जनसंख्या-आधारित पुनर्वितरण उन राज्यों को फायदा पहुँचा सकता था जहाँ आबादी बढ़ी थी, जबकि उन राज्यों का राजनीतिक महत्व कम हो सकता था जिन्होंने जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने में बेहतर काम किया था।

अकाली दल को भी इस पर आपत्तियाँ थीं। अब उन्हें परिसीमन के फायदे समझ आ गए हैं। शायद इसकी वजह साफ है। रअऊक्के पास बचाने के लिए अब कोई राष्ट्रीय चुनावी साम्राज्य नहीं बचा है। कांग्रेस के सांसद पूरे देश में फैले हुए हैं। इखढ का संगठन पूरे देश में है और कई राज्यों में उसकी सरकारें हैं। दक्षिण की क्षेत्रीय पार्टियों के पास अच्छी-खासी संसदीय ताकत है और इसलिए सीटों के पुनर्वितरण का उन पर बहुत असर पड़ेगा।

वहीं, अकाली दल अपनी राष्ट्रीय चुनावी चिंताओं को पंजाब से ही देख सकता है। जब देश अपना चुनावी नक्शा फिर से बना रहा हो, तो राष्ट्रीय स्तर पर कोई मौजूदगी न होने में एक तरह की आजादी महसूस होती है। आप नक्शा बनाने की प्रक्रिया का समर्थन कर सकते हैं, बिना इस बात की ज्यादा चिंता किए कि किसका चुनाव क्षेत्र कहाँ जा रहा है।

महिला आरक्षण के प्रति SAD का नया उत्साह भी उतना ही दिलचस्प है। पार्टी ने अपने समर्थन को सही ठहराने के लिए समानता के सिख सिद्धांतों और SGPC में महिलाओं के लिए सीटों के आरक्षण का हवाला दिया है। यह ठीक भी है। लेकिन राजनीतिक सिद्धांत, बसों की तरह, कभी-कभी बहुत सही समय पर आते हैं। और यह सिद्धांत बादल की मोदी से मुलाकात के 24 घंटे बाद आया।

इस संयोग से एक और सवाल उठेगा: क्या अकाली दल अपनी वैचारिक मान्यताओं को फिर से समझ रहा है, या वह अपने पुराने राजनीतिक भूगोल को फिर से खोज रहा है? 2020 में कृषि कानूनों को लेकर गठबंधन टूटने से पहले BJP और SAD 24 साल तक सहयोगी रहे थे। अब, 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव करीब आ रहे हैं, ऐसे में दोनों पक्षों के पास एक-दूसरे की ओर फिर से देखने की वजहें हैं — हो सकता है कि शुरुआत में वे बस दूर से ही देखें, लेकिन देखेंगे जरूर।

मोदी-बादल की मुलाकात ने रिश्तों में सुधार की संभावनाओं पर अटकलें तेज कर दी हैं। दो संवेदनशील राष्ट्रीय मुद्दों पर केंद्र के साथ अकाली दल की अचानक सहमति ने इन अटकलों को और हवा दी है। बेशक, SAD का कहना है कि उसका रुख सिद्धांतों पर आधारित है। और जैसा कि हम जानते हैं, राजनीति एक ऐसा पेशा है जिसमें सिद्धांतों के चुनाव से ठीक पहले सामने आने की एक अजीब सी खूबी होती है।

अकाली दल के लिए, यह हिसाब-किताब काफी आकर्षक हो सकता है: परिसीमन का समर्थन करना, महिला आरक्षण का समर्थन करना, दिल्ली के साथ तालमेल का संकेत देना — और सबसे अहम बात, यह सब बिना किसी बड़े राष्ट्रीय संसदीय आधार का बचाव किए करना। दूसरे शब्दों में, पार्टी ने शायद किसी राजनीतिक भूकंप का समर्थन करने का सबसे सुरक्षित तरीका खोज लिया है:

ऐसी जगह खड़े हों जहाँ भूकंप के झटके पहुँचने की संभावना न हो।

इसलिए, असली कहानी शायद परिसीमन या महिला आरक्षण के प्रति रअऊका अचानक पैदा हुआ लगाव नहीं है।

हो सकता है कि छह-सात साल की राजनीतिक दूरी के बाद, अकाली और इखढ ने विचारधारा से भी ज्यादा मजबूत चीज को फिर से खोज लिया हो: एक ही राजनीतिक ठिकाने पर होने की सुविधा।




पेज 12 एनआरआई की कीमती जमीन कब्जाने का...


# पंजाब यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट सेंटर में मिला संदिग्ध IED, चंडीगढ़ पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

## स्वतंत्रता दिवस से पहले सुरक्षा तैयारियों की जांच; बम डिस्पोजल, डॉग स्क्वॉड और QRT समेत कई एजेंसियों ने लिया हिस्सा

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/08 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस समारोह और मौजूदा सुरक्षा परिस्थितियों को देखते हुए चंडीगढ़ पुलिस ने शनिवार को पंजाब यूनिवर्सिटी के सेक्टर-14 स्थित स्टूडेंट सेंटर में व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की। ऑपरेशंस सेल की ओर से आयोजित इस अभ्यास का उद्देश्य किसी आपात स्थिति में पुलिस और अन्य सुरक्षा एवं आपातकालीन एजेंसियों की तैयारियों, त्वरित प्रतिक्रिया और आपसी समन्वय को परखना था।

मॉक ड्रिल एसपी/ऑपरेशंस गीतांजलि खंडेलवाल, आईपीएस के निर्देशन और डीएसपी/ऑपरेशंस रणजोध सिंह की निगरानी में आयोजित की गई। अभ्यास के दौरान स्टूडेंट सेंटर में संदिग्ध विस्फोटक उपकरण रखे होने की सूचना का सिमुलेशन किया गया। सूचना मिलते ही ऑपरेशंस सेल के कमांडो ने स्टूडेंट सेंटर को घेरकर परिसर को खाली करवाया। इसके साथ ही चंडीगढ़ पुलिस की HIT टीम, बम डिटेक्शन स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड ने संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। तलाशी के दौरान स्टूडेंट सेंटर में लेटर बॉक्स के पास एक डमी IED बरामद किया गया। इसके बाद पूरे क्षेत्र को सैनिटाइज कर यह सुनिश्चित किया गया कि वहां कोई अन्य संदिग्ध वस्तु मौजूद न हो।



### कई एजेंसियों ने लिया हिस्सा

मॉक ड्रिल में ऑपरेशंस सेल की क्विक रिएक्शन टीम (QRT), PCR यूनिट, डायल-112, फायर ब्रिगेड, सिविल डिफेंस, बम डिटेक्शन स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड, मोबाइल फोरेंसिक टीम, डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल, क्राइम ब्रांच, पुलिस पोस्ट पीयू, थाना सेक्टर-11, SDPO सेंट्रल तथा GMSH-16 और पुलिस अस्पताल सेक्टर-26 की एंबुलेंस सेवाओं सहित अन्य एजेंसियों ने हिस्सा लिया। सभी टीमों ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और आपात स्थिति से निपटने में प्रभावी समन्वय का प्रदर्शन किया। के पास एक डमी IED बरामद किया गया। इसके बाद पूरे क्षेत्र को सैनिटाइज कर यह सुनिश्चित किया गया कि वहां कोई अन्य संदिग्ध वस्तु मौजूद न हो।

### डमी IED को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर किया गया निस्तारण

बरामद डमी IED को निर्धारित SOP के तहत सैंडबैग वाहन में सुरक्षित तरीके से पुलिस लाइंस सेक्टर-26 स्थित खुले मैदान में ले जाया गया। इसे PCR वाहनों की पायलट और एस्कॉर्ट के बीच सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया गया, जहां निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इसका निस्तारण किया गया। इसके बाद स्टूडेंट सेंटर परिसर में अंतिम सैनिटाइजेशन सर्च की गई। सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक संपन्न हुई। चंडीगढ़ पुलिस के अनुसार इस तरह के मॉक ड्रिल नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी वास्तविक आपात या सुरक्षा स्थिति में पुलिस और संबंधित एजेंसियां तेजी से कार्रवाई कर सकें। अभ्यास का उद्देश्य आपसी समन्वय को और मजबूत करना तथा स्वतंत्रता दिवस सहित अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर शहर की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना है।

# सेक्टर-24 में वाल्मीकि मंदिर के पास बनेगा नया पब्लिक टॉयलेट, मेयर सौरभ जोशी ने शुरू कराया निर्माण



चंडीगढ़/यूटर्न/08 अगस्त। सेक्टर-24-सी स्थित रामलीला मैदान में वाल्मीकि मंदिर के पास नए सार्वजनिक शौचालय के निर्माण कार्य की शुरूआत शनिवार को चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने की। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी, स्थानीय निवासी, रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि और दशहरा कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। नया सार्वजनिक शौचालय वार्ड डेवलपमेंट फंड के तहत करीब 14.66 लाख रुपये की अनुमानित लागत से बनाया जा रहा है। नगर निगम के अनुसार निर्माण कार्य करीब तीन महीने में पूरा होने की उम्मीद है।

मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से वाल्मीकि मंदिर और रामलीला मैदान में आने वाले लोगों के अलावा मॉर्निंग वॉक करने वालों, पार्क में आने वाले लोगों और आसपास के निवासियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम चंडीगढ़ में मूलभूत नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रहा है।

# नगर निगम की अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई, 106 चालान काटे

चंडीगढ़/यूटर्न/08 अगस्त। सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण और अवैध कब्जों के खिलाफ चंडीगढ़ नगर निगम ने शनिवार को शहर के विभिन्न सेक्टरों में व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों के 106 चालान काटे गए और कई स्थानों से सार्वजनिक रास्तों पर किए गए अतिक्रमण हटाए गए। नगर निगम की प्रवर्तन टीम ने सेक्टर-45 स्थित श्मशान घाट की स्कूल वाली चारदीवारी के पास विशेष कार्रवाई की। यहां सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से पड़े पुराने टायर, कार के दरवाजे, सीटें, जैक और पुराने वाहनों के इंजन सहित अन्य सामान हटाया गया। कार्रवाई के बाद चारदीवारी के आसपास का क्षेत्र साफ कर लोगों की आवाजाही के लिए सुगम बनाया गया। इसके अलावा सेक्टर-15 की पटेल मार्केट और आसपास के शोरूम क्षेत्रों में भी विशेष अभियान चलाया गया। यहां सार्वजनिक गलियारों और पैदल चलने वाले रास्तों पर किए गए अतिक्रमण एवं अन्य अवरोध हटाए गए, जिससे पैदल राहगीरों की आवाजाही सुचारू हो सके। नगर निगम की टीम ने सेक्टर-19, 22, 23, 26, 34 और 35 में भी कार्रवाई की। इन क्षेत्रों में सार्वजनिक गलियारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अनधिकृत अतिक्रमण हटाए गए।



# बिजली निरीक्षण के दौरान घरों में प्रवेश को लेकर उठे सवाल, जवाबदेही तय करने की मांग

## सामाजिक कार्यकर्ता राज चड्ढा ने पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय टंडन को पत्र भेजकर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की

चंडीगढ़/यूटर्न/08 अगस्त। शहर में बिजली निरीक्षण और प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान बिजली कंपनी की एनफोर्समेंट टीम द्वारा कथित तौर पर उपभोक्ताओं के घरों में प्रवेश किए जाने को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता राज चड्ढा ने इस मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चंडीगढ़ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय टंडन को पत्र भेजकर प्रशासन के स्तर पर हस्तक्षेप की मांग की है।

राज चड्ढा ने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में बिजली निरीक्षण के नाम पर एनफोर्समेंट टीम बिना पूर्व सूचना के लोगों के घरों में प्रवेश करती है। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाई से नागरिकों में भय और असहजता की स्थिति पैदा हो सकती है। हालांकि, इन आरोपों पर बिजली कंपनी या संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने नहीं आया है।

**कानूनी प्रक्रिया और पारदर्शिता की मांग...** पत्र में राज चड्ढा ने कहा कि बिजली की जांच और प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान पारदर्शी एवं निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जाना जरूरी है। उनके अनुसार किसी व्यक्ति के घर में प्रवेश उसकी निजता और गरिमा से जुड़ा संवेदनशील विषय है। इसलिए निरीक्षण टीमों को कानून के दायरे में रहकर ही कार्रवाई करनी चाहिए।



उन्होंने संविधान के तहत नागरिकों को प्राप्त गरिमा के साथ जीवन जीने और निजता के अधिकार का हवाला देते हुए कहा कि किसी परिसर में प्रवेश या निरीक्षण के लिए स्पष्ट नियम और प्रक्रिया निर्धारित होनी चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि बिजली कंपनी की एनफोर्समेंट टीम द्वारा की जाने वाली कार्रवाई की वैधानिक सीमाएं उपभोक्ताओं के सामने स्पष्ट की जाएं।

**प्रशासन से स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग...** राज चड्ढा ने संजय टंडन से आग्रह किया कि इस मुद्दे को चंडीगढ़ प्रशासन और संबंधित विभागों के समक्ष उठाया जाए। उन्होंने बिजली निरीक्षण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तैयार करने की मांग की, ताकि उपभोक्ताओं को कार्रवाई की प्रक्रिया और उनके अधिकारों की जानकारी हो सके। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान मनमाने तरीके से घर में प्रवेश, कथित उत्पीड़न, डराने-धमकाने या अधिकारों के दुरुपयोग की किसी भी संभावना को रोकने के लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए। साथ ही यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि किन परिस्थितियों में बिजली कंपनी की टीम किसी उपभोक्ता के परिसर में प्रवेश कर सकती है और इसके लिए कौन-सी कानूनी प्रक्रिया अपनाई जानी आवश्यक है। राज चड्ढा ने मामले को जनहित से जुड़ा मुद्दा बताते हुए प्रशासन से बिजली संबंधी जांच और प्रवर्तन कार्रवाई में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के साथ-साथ नागरिकों की निजता, गरिमा और कानूनी अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# वॉलीबॉल में बीवीएम यूएसएन का जलवा, एक चैंपियनशिप समेत 4 पोडियम फिनिश

लुधियाना/यूटर्न/08 अगस्त। उधम सिंह नगर स्थित भारतीय विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल (बीवीएम यूएसएन) के खिलाड़ियों ने 70वें जोनल लेवल स्कूल गेम्स वॉलीबॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। गुरु नानक स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में स्कूल की अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 लड़कों तथा अंडर-19 लड़कियों की टीमों ने हिस्सा लिया। अंडर-17 लड़कों की टीम ने बेहतरीन टीम वर्क और दमदार खेल के साथ जोनल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। टीम के पांच खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। अंडर-14 टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि उसके चार खिलाड़ियों ने जिला स्तर के लिए जगह बनाई।



# डीएवी स्कूल में मेंटल हेल्थ सेशन, शिक्षकों को सिखाए तनाव संभालने के तरीके



लुधियाना/यूटर्न/08 अगस्त। डीएवी पब्लिक स्कूल, बी.आर.एस. नगर में 8 अगस्त को शिक्षकों के लिए 'मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देना' विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एम.ए. मैकॉलीफी पब्लिक स्कूल, समराला की प्रधानाचार्या सुश्री मोनिका और कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल फॉर गर्ल्स, जालंधर की प्रधानाचार्या सुश्री तनु ओबेरॉय ने स्रोत-व्यक्तियों के रूप में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Online Shopping में Seller और Marketplace की जिम्मेदारी किसकी होती है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आज लाखों लोग Amazon, Flipkart और अन्य Online Shopping Platforms से सामान खरीदते हैं। लेकिन जब कोई Product खराब निकलता है, नकली होता है या ऑर्डर के अनुसार नहीं होता, तो सबसे बड़ा सवाल होता है — जिम्मेदारी Seller की है या Online Marketplace की?

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि कई Online Shopping Platforms स्वयं सभी सामान नहीं बेचते। वे केवल एक Marketplace उपलब्ध कराते हैं, जहां अलग-अलग Sellers अपने Product बेचते हैं।

इसका मतलब यह नहीं कि ग्राहक को अपनी समस्या लेकर इधर-उधर भटकना पड़े। यदि आपको गलत, खराब या अधूरा Product मिलता है, तो सबसे पहले उसी Platform पर उपलब्ध Return, Replacement या Complaint की प्रक्रिया अपनानी चाहिए।

खरीदारी करते समय हमेशा Seller का नाम, Product Description, Return Policy और Warranty की जानकारी ध्यान से पढ़ें। कई बार एक ही Product अलग-अलग Sellers अलग शर्तों के साथ बेचते हैं।

Product मिलने के बाद उसे तुरंत जांच लें। यदि कोई कमी हो, तो उसकी Photo और Video बना लें तथा Platform पर तय समय के भीतर शिकायत दर्ज करें। देरी होने पर Return या Replacement में परेशानी आ सकती है।

महंगा सामान खरीदते समय Unboxing Video बनाना भी एक अच्छी आदत है। यदि पैकेट खाली निकले, टूटा हुआ सामान मिले या अंदर कोई दूसरा Product हो, तो यह Video आपके लिए महत्वपूर्ण सबूत बन सकता है।

यदि Platform या Seller उचित समाधान नहीं देते, तो ग्राहक अपने कानूनी अधिकारों का उपयोग कर सकता है। इसलिए Order Details, Invoice, Payment Receipt और सभी Chat या Email का रिकॉर्ड सुरक्षित रखें।

निष्कर्ष : Online Shopping करते समय केवल कीमत देखकर खरीदारी न करें। Seller की जानकारी, Return Policy और Product Details जरूर पढ़ें। थोड़ी-सी सावधानी आपको बाद में होने वाले विवाद और परेशानी से बचा सकती है।

# अंसल एस्टेट एस एस खुराना की ओर से शिव पुराण कथा आज से 16 अगस्त तक श्री दण्डी स्वामी तपोवन आश्रम में

लुधियाना/यूटर्न/08 अगस्त। सिविल लाइन स्थित श्री दण्डी स्वामी तपोवन तपोभूमि आश्रम में श्री दंडी स्वामी महाराज जी की असीम कृपा से अंसल एस्टेट के एस एस खुराना की ओर से साथ दिवसीय शिव पुराण कथा का आयोजन आज से प्रारम्भ होगा।कथा करने के लिए हरिद्वार से कथा व्यास आचार्य श्री हरिकृष्ण जी महाराज पधार कर अपनी मधुर वाणी से कथा करेंगे।इसका आयोजन आज 9 अगस्त से 15 अगस्त तक सायं 4 बजे से 7.30 बजे तक होगा।16 अगस्त को हवन और भंडारे साथ समाप्ति होगी।इसमें विशेष सहयोग ढांडा चेरिटेबल ट्रस्ट सिविल लाइन द्वारा किया जा रहा है।






झूले पर सजी नन्ही भव्या सभरवाल, हरियाली तीज के रंग में और भी निखरी।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### इंसान और विज्ञान, कभी भगवान नहीं बन सकते।

आज का इंसान विज्ञान की तरक्की पर गर्व करता है। उसने कुदरत की लगभग हर चीज का हल ढूंढ निकाला है। चाँद और मंगल तक पहुँच गया, महासागरों की गहराई नाप ली, एटम की शक्ति अपने काबू में कर ली। यहाँ तक कि इंसान ने दिल, गुर्दा, जिगर जैसे अंगों का प्रत्यारोपण कर डाला। परंतु एक सच्चाई आज भी विज्ञान के सामने चुनौती बनी हुई है - इंसान आज तक खून नहीं बना पाया। यह वही खून है जो जीवन की धारा है, जो ईश्वर की बनाई सबसे अनमोल कृति है। यही साबित करता है कि चाहे विज्ञान कितना भी आगे बढ़ जाए, प्रकृति और भगवान की बनाई हर रचना का नकल कभी संभव नहीं। इंसान अपने अहंकार और दौड़ में प्रकृति को चुनौती दे रहा है। पेड़ों को काट रहा है, नदियों को प्रदूषित कर रहा है और धरती को खोखला कर रहा है। लेकिन सच यह है कि विज्ञान कभी भी सृष्टि के मूल रहस्य को नहीं जान सकता। इसलिए जरूरी है कि इंसान अपनी दौड़ को सीमित करे और प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए। असली तरक्की वही है जो भगवान की बनाई धरती और जीवन को सुरक्षित रखे, न कि उसे चुनौती दे।

# सीआईसीयू इंडोर गेम्स डे में दिखा खेल का जोश, टेबल टेनिस में खिलाड़ियों ने मचाई धूम



लुधियाना/यूटर्न/08 अगस्त। फोकल प्वाइंट स्थित सीआईसीयू परिसर में इंडोर गेम्स डे 2026 का जोश और खेल भावना के साथ आगाज हुआ। दो दिवसीय आयोजन का मकसद औद्योगिक समुदाय को फिटनेस, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से जोड़ना है। पहले दिन टेबल टेनिस मुकाबलों में बच्चों से लेकर उद्योगपतियों, कर्मचारियों और प्रोफेशनल्स तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंडर-9 से अंडर-19, पुरुष, महिला और वरिष्ठ वर्गों में मुकाबले करवाए गए।

कार्यक्रम का उद्घाटन वर्धमान स्पेशल स्टील्स लिमिटेड के सीएमडी सचित जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। सीआईसीयू अध्यक्ष उपकार सिंह आहूजा, महासचिव हनी सेठी और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। अंडर-17 लड़कों में आदव थापर ने गोल्ड, अभिजीत ने सिल्वर, जबकि गाविश और आर्यन अरोड़ा ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। अंडर-19 वर्ग में आर्यन सचदेवा ने गोल्ड, विहान वर्मा ने सिल्वर और शिवंश व गाविश ने ब्रॉन्ज अपने नाम किया। सीआईसीयू अध्यक्ष उपकार सिंह आहूजा ने कहा कि खेल केवल फिटनेस नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना भी सिखाते हैं। आयोजन में सोमाल रिफ्रैक्टरीज मुख्य प्रायोजक, जबकि फार्म पार्ट्स और आईडीपी एजुकेशन सहयोगी प्रायोजक रहे।

# लुधियाना में इंसानियत शर्मसार: जिसने पक्की करवाई घर की छत, उसी के फ्लैट पर चोरी और कब्जे का प्रयास, महिला व साथी पर FIR

-राजदीप सिंह सैनी-

लुधियाना/यूटर्न/8 अगस्त। आज कलयुग में किसी की सहायता करना खतरे से खाली नहीं है, क्योंकि पैसों के चक्कर में लोगों की इंसानियत मरती जा रही है। ऐसा ही एक मामला लुधियाना के दुगरी के फेस-3 के एलआईजी फ्लैट का सामने आया है।

जहां पर एक फाइनेंसर द्वारा ब्याज पर पैसे देकर एक महिला की रहने की छत पक्की करके दी। लेकिन बाद में उसी महिला ने साथी के साथ मिलकर फाइनेंसर के ही फ्लैट की दीवार तोड़कर कब्जे का प्रयास किया, जबकि सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने इस संबंधी पुलिस को शिकायत दी। थाना दुगरी की पुलिस ने पक्खोवाल रोड के विशाल नगर के रहने वाले जसविंदर सिंह वड़ैच की शिकायत पर दुगरी अर्बन एस्टेट फेस-3 एलआईजी फ्लैट की रहने वाली सुनीता शारदा और हरप्रीत सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में रेड कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में शिकायतकर्ता ने बताया कि वे फाइनेंसर है और उसका पक्खोवाल रोड पर किंग फाइनेंस सर्विस के नाम से कारोबार है। उनके अनुसार आरोपी हरप्रीत सिंह दूसरी महिला सुनील शारदा का साथी है। सुनील शारदा पहले शिकायतकर्ता के साथ कारोबार करती थी और कई बार पैसे ले जाती थी। जबकि वे पेमेंट समय अनुसार वापिस भी कर देती थी।




## घर की छत पक्की करने को लिए पांच लाख

शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी पत्नी कमलजीत कौर की सेहत ठीक न होने के चलते उन्होंने सुनीता शारदा द्वारा अपील करने पर उसे घरेलू काम के लिए रख लिया। 16 जनवरी 2025 को सुनीता और हरप्रीत सिंह उसके ऑफिस आए। उन्होंने कहा कि वे दुगरी एलआईजी फ्लैट के फ्लैट नंबर 698 में किराए पर रहती है। वे उक्त फ्लैट खरीदना चाहती है, वहीं बेटे को पुरानी कार लेकर देनी है। जिसके चलते उसने अपने लिए तीन लाख और हरप्रीत सिंह ने दो लाख रुपए मांगे। उन्होंने समय अनुसार पैसे वापिस करने और शिकायतकर्ता की पत्नी की सेवा करने का वादा किया। जिस पर उन्हें पांच लाख की पेमेंट दे दी। आरोपियों ने फ्लैट नंबर 698 की अलॉटमेंट अपने नाम करवा ली।

## फ्लैट देखकर नीयत हुई खराब

शिकायतकर्ता के अनुसार सिंतबर 2025 में सुनील ने काम छोड़ने की बात कही तो शिकायतकर्ता ने पेमेंट वापिस करने को कहा। जिस पर सुनीता ने फैसला किया कि वे फ्लैट नंबर 699 जिसकी अलॉटमेंट लेटर एक अन्य फाइनेंसर के पास गिरवी है, उससे लेकर शिकायतकर्ता के नाम करवा देगी। जबकि बाकी के तीन लाख रुपए जल्द वापिस कर दिए जाएंगे। कुछ दिन बाद सुनील शारदा और हरप्रीत सिंह ने फ्लैट नंबर 699 की अलॉटमेंट शिकायतकर्ता के नाम करके कब्जा दे दिया। फ्लैट में शिकायतकर्ता का वर्कर वरिंदर सिंह रहने लगा। पांच अगस्त 2026 की रात वरिंदर काम से छुट्टी करके वापिस घर गया तो देखा कि आरोपियों ने फ्लैट की दीवार तोड़कर कब्जे का प्रयास किया। जबकि फ्लैट में पड़ा सारा सामान भी चुरा लिया।

# सिविल अस्पताल में सिक्योरिटी के सामने गुंडागर्दी, मेडिकल कराने आए दो पक्षों में झड़प, जमकर चलाई ईटें

लुधियाना/यूटर्न/8 अगस्त। लुधियाना के सिविल अस्पताल में सुरक्षा कर्मियों के सामने कुछ युवकों द्वारा सरेआम गुंडागर्दी की गई। लेकिन सुरक्षा कर्मी सिर्फ खड़े देखते रहे। अस्पताल में मेडिकल कराने आए दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर जमकर ईट पत्थर बरसाए। जिस कारण दोनों तरफ के कई लोग जख्मी भी हो गए। कुछ समय तक यह झड़प चलती रही। जिसके बाद हमलावर वहां से भाग निकले। मामले की सूचना मिलने पर थाना डिवीजन नंबर दो और चौकी सिविल अस्पताल की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर को अस्पताल में दो पक्ष झगड़ा होने के बाद मेडिकल कराने आए थे। इस दौरान दोनों तरफ के युवकों में वहां पर फिर एक दूसरे को देखने पर बहस हो गई। देखते ही देखते झड़प शुरू हो गई। जिसके बाद एमरजेंसी के बाहर ही दोनों ने एक दूसरे पर ईटें पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। इस दौरान वहां खड़े वाहनों की भी तोड़फोड़ हुई और अस्पताल का भी सामान टूटा। इस घटना की एक वीडियो भी सामने आई है।



## अस्पताल में मौजूद है पुलिस चौकी

अस्पताल में कानून की धज्जियां उड़ने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी सरेआम नियमों का उल्लंघन हो चुका है। हैरानी की बात तो यह है कि अस्पताल के बीच ही पुलिस चौकी है, जबकि एमरजेंसी में सिक्योरिटी गार्ड मौजूद रहते हैं। लेकिन फिर भी ऐसी झड़प की घटनाएं सामने आ रही है। वहीं लोगों का कहना है कि पुलिस प्रशासन द्वारा इन झगड़ों का कोई पक्का हल नहीं निकाला जाता। अगर कभी ऐसे झगड़े के दौरान स्टॉफ, मरीज या किसी राहगीर को चोट लग गई तो इसका जिम्मेदार आखिर कौन होगा।

# डॉ. ए.वी.एम. स्कूल में सेमिनार आयोजित, वायरल बीमारियों प्रति किया जागरूक

लुधियाना/यूटर्न/8 अगस्त। डॉ. ए.वी.एम. पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, निकट ईसा नगरी पुली में मौसम में बदलाव के दौरान होने वाली वायरल बीमारियों के प्रति छात्रों को जागरूक करने के उद्देश्य से सी.एम.सी. अस्पताल के नर्सिंग विभाग के विद्यार्थियों और स्टाफ द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य छात्रों को डेंगू, मलेरिया, हैजा जैसी खतरनाक बीमारियों के कारणों, लक्षणों और बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी देना था। इस दौरान जागरूकता के लिए मॉडल, चार्ट और पोस्टर भी तैयार किए गए। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर राजीव कुमार लवली और प्रिंसिपल मनीषा गाबा ने सी.एम.सी. से आई टीम का स्वागत करते हुए कहा कि बदलते मौसम के साथ-साथ वायरल बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि डॉ. ए.वी.एम. पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को शैक्षणिक शिक्षा देने के अलावा अपने आसपास की स्वच्छता और नैतिक गुणों के प्रति भी जागरूक किया जाता है। इस अवसर पर अमिता राजन, हर्ष बाला, सोनिया, कामिनी, इशिता कत्याल, नवनीत कौर, जसवंत कौर, रूबी वर्मा, रीमा, गुरप्रीत बजाज, कुलदीप कौर, वंदना सूद, निशु, मंजू, हरजीत कौर, मुस्कान, हर्ष बाला और गुरलीन कौर उपस्थित रहे।



# सिटी एन्क्लेव में दूषित पानी की शिकायत, सीवरेज का पानी सप्लाई में मिलने का आरोप



जीरकपुर/यूटर्न/08 अगस्त। वार्ड नंबर-30 स्थित सिटी एन्क्लेव में दूषित पेयजल की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है। क्षेत्रवासी नवतेज नवी ने आरोप लगाया कि पिछले करीब 10 दिनों से सीवरेज का गंदा पानी पेयजल आपूर्ति में मिलकर लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। इससे लोगों को साफ और सुरक्षित पीने के पानी की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नवतेज नवी के अनुसार इस संबंध में संबंधित अधिकारियों और उच्च अधिकारियों को कई बार जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। उनका आरोप है कि शिकायत के बाद कुछ अधिकारी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करते हैं और तस्वीरें खिंचवाने के बाद लौट जाते हैं, जबकि जमीनी स्तर पर समस्या जस की तस बनी हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दूषित पानी की सप्लाई के कारण उन्हें पीने और घरेलू इस्तेमाल के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ रही है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि सीवरेज मिला पानी लंबे समय तक सप्लाई होता रहा तो इससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति गंभीर बन सकती है। नवतेज नवी ने प्रशासन और नगर कौंसिल से मांग की है कि पानी की लाइन और सीवरेज नेटवर्क की तुरंत जांच कर लीकेज या अन्य तकनीकी खामी का पता लगाया जाए और उसका स्थायी समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को नियमित रूप से साफ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध करवाना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान केवल मौके पर पहुंचकर औपचारिकता पूरी करने से नहीं, बल्कि ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ काम करने से होगा। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

# सुखबीर बादल की PM मोदी से मुलाकात के एक दिन बाद BJP ने पंजाब प्रमुख केवल ढिल्लों को दिल्ली बुलाया



चंडीगढ़/यूटर्न/08 अगस्त। शिरोमणि अकाली दल (SAD) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के एक दिन बाद, शनिवार को BJP के केंद्रीय नेतृत्व ने पंजाब पार्टी प्रमुख केवल सिंह ढिल्लों और राज्य संगठन सचिव मंत्री श्रीनिवासुलु को बैठक के लिए दिल्ली बुलाया। इससे 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले पंजाब में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। ढिल्लों और श्रीनिवासुलु, जो BJP की नई चुनी हुई राज्य इकाई और ज़िला अध्यक्षों के साथ बैठक के लिए लुधियाना में थे, बैठक बीच में ही छोड़कर दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

बैठक का एजेंडा आधिकारिक तौर पर नहीं बताया गया है। हालांकि, पार्टी सूत्रों के अनुसार, चर्चा में पंजाब BJP के हालिया पुनर्गठन, राज्य इकाई के भीतर असंतोष और विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों पर बात होने की संभावना है। यह घटनाक्रम शुक्रवार को मोदी के साथ बादल की मुलाकात के बाद BJP और SAD के बीच संबंधों में सुधार की नई अटकलों के बीच सामने आया है। दोनों नेताओं के बीच हुई मुलाकात ने 2020 में टूटे गठबंधन के फिर से शुरू होने की चर्चा को हवा दी है। पंजाब BJP के भीतर राज्य संगठन में हालिया बदलाव के बाद काफी बेचैनी रही है। पूर्व मंत्री तीक्ष्ण सूद और उनके कुछ वफादारों ने विरोध में पार्टी के पदों से इस्तीफा दे दिया है, जिससे नए नेतृत्व के सामने चुनौतियां बढ़ गई हैं।

दिल्ली की इस बैठक को 2027 के पंजाब चुनावों के लिए इखढ की व्यापक तैयारियों के संदर्भ में भी देखा जा रहा है। एक और संभावित एजेंडा राज्य में पार्टी की चुनावी रणनीति हो सकती है, खासकर चुनाव की योजना पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पंजाब BJP नेतृत्व के बीच शुरूआती बैठक के बाद। सूत्रों ने बताया कि BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष के ढिल्लों और श्रीनिवासुलु से एक साथ मिलने की उम्मीद है। इसलिए, मोदी-बादल मुलाकात के 24 घंटे के भीतर दिल्ली बुलाए जाने की इस अचानक घटना से पंजाब में काफी राजनीतिक ध्यान आकर्षित होने की संभावना है। हालांकि, अभी तक ऐसा कोई आधिकारिक संकेत नहीं है कि ये दोनों घटनाक्रम सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं।

# विकास नगर-मौली जागरां के वेंडर्स के लिए नए वेंडिंग जोन की मांग, पूर्व डिप्टी मेयर अनिल दुबे ने मेयर सौरभ जोशी को सौंपा ज्ञापन

**वर्तमान स्थान पर कारोबार जारी रखने की भी मांग, रोजगार छिनने की आशंका के बीच स्थायी समाधान की मांग**

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/08 अगस्त। विकास नगर-मौलीजागरां सब्जी मंडी में लंबे समय से कारोबार कर रहे वेंडर्स की समस्याओं को लेकर अब नगर निगम के स्तर पर स्थायी समाधान की मांग उठने लगी है। पूर्व डिप्टी मेयर अनिल दुबे ने वेंडर्स की समस्याओं को लेकर चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपकर नया एवं व्यवस्थित वेंडिंग जोन विकसित करने की मांग की।

मुलाकात के दौरान अनिल दुबे ने मेयर को बताया कि विकास नगर-मौली जागरां सब्जी मंडी में बड़ी संख्या में वेंडर्स लंबे समय से अपना कारोबार कर अपने परिवारों का पालन-पोषण कर रहे हैं। इन वेंडर्स के सामने स्थान को लेकर लगातार समस्याएं बनी हुई हैं। ऐसे में उन्हें उजाड़ने या उनके कारोबार को प्रभावित करने के बजाय नगर निगम को उनके लिए व्यवस्थित और स्थायी व्यवस्था तैयार करनी चाहिए।

उन्होंने मांग रखी कि क्षेत्र में वेंडर्स के लिए नया वेंडिंग जोन विकसित किया जाए, जहां उन्हें निर्धारित और उचित स्थान उपलब्ध कराया जा सके। इससे एक ओर वेंडर्स को अपना कारोबार करने के लिए स्थायी जगह मिल सकेगी, वहीं दूसरी ओर बाजार क्षेत्र में भी बेहतर व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।



## नया जोन बनने तक मौजूदा जगह पर काम की अनुमति की मांग

पूर्व डिप्टी मेयर ने मेयर से यह भी आग्रह किया कि जब तक नया वेंडिंग जोन तैयार नहीं हो जाता, तब तक विकास नगर-मौली जागरां के इन वेंडर्स को उनके वर्तमान स्थान अथवा इसी क्षेत्र में कारोबार जारी रखने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि अचानक स्थान खाली करवाए जाने की स्थिति में इन लोगों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।

अनिल दुबे ने कहा कि अधिकांश वेंडर्स लंबे समय से इसी कारोबार पर निर्भर हैं। इसलिए किसी भी कार्रवाई से पहले उनके रोजगार और परिवारों की आजीविका को ध्यान में रखना जरूरी है। उन्होंने नगर निगम से मांग की कि वेंडर्स की समस्या का मानवीय और व्यावहारिक समाधान निकाला जाए।

## रोजगार और व्यवस्था के बीच संतुलन की मांग

उन्होंने कहा कि वेंडर्स की रोजी-रोटी और क्षेत्र की व्यवस्था दोनों महत्वपूर्ण हैं। यदि वेंडर्स के लिए निर्धारित वेंडिंग जोन विकसित कर दिया जाए तो इससे दोनों पक्षों की समस्या का समाधान हो सकता है। उन्होंने मेयर से नए वेंडिंग जोन के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू करने और तब तक मौजूदा स्थान पर वेंडर्स को काम करने की अनुमति देने का आग्रह किया। ज्ञापन के माध्यम से पूर्व डिप्टी मेयर ने नगर निगम से इस मामले में जल्द कार्रवाई करने की मांग की, ताकि विकास नगर-मौली जागरां के वेंडर्स को स्थायी स्थान मिल सके और उनके सामने रोजगार का संकट पैदा न हो।

# अवैध माइनिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**बिना नंबरी ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत कई आरोपियों पर मामला दर्ज**

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/8/अगस्त। क्षेत्र में अवैध खनन (अवैध माइनिंग) के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। थाना दाखा के अंतर्गत पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रात के समय गैर-कानूनी ढंग से माइनिंग कर रहे लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मौके से एक बिना नंबरी सोनालिका ट्रैक्टर और ट्रॉली भी बरामद की है।

**जांच अधिकारी:** एएसआई गुरमीत सिंह संबंधित धाराओं के तहत थाना दाखा मुकदमा दर्ज किया गया है।

**कैसे हुई कार्रवाई?...**पुलिस पार्टी गश्त और चेकिंग के दौरान गांव भोंधापुआ के पास मौजूद थी। इसी दौरान खास मुखबिर ने इत्तिला दी कि तलवंडी नौ आबाद के रहने वाले कुछ लोग सिंडिकेट बनाकर और आर्थिक लाभ के लिए रात के समय अवैध रूप से माइनिंग का धंधा कर रहे हैं। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, इन आरोपियों पर पहले से भी माइनिंग के कई मुकदमे दर्ज हैं और ये आदतन अपराधी की तरह बार-बार इस जुर्म को अंजाम दे रहे हैं।

**नामजद आरोपी:** पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर में निम्नलिखित व्यक्तियों को नामजद किया गया है:
सतपाल सिंह उर्फ पाली पुत्र जगतार सिंह, गुरप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह मनप्रीत सिंह पुत्र निहाल सिंह, कुलदीप सिंह पुत्र करतार सिंह, मलकीत सिंह पुत्र प्रेम सिंह, जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सा, मंदीप सिंह पुत्र मनजीत सिंह (सभी निवासी तलवंडी नौ आबाद) इनके अलावा कुछ अन्य अज्ञात व्यक्ति भी इस अवैध कार्य में शामिल बताए गए हैं। पुलिस ने कानूनी मयार्दा और नियमों का पालन करते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की सख्त कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र में अवैध माइनिंग करने वालों में इस सख्त कार्रवाई से हड़कंप मच गया है।

# तीन वार्डों में विधायक कुलजीत रंधावा ने की लोक मिलनियां, लोगों की समस्याएं सुनीं



जीरकपुर/यूटर्न/08 अगस्त। डेराबस्सी हलके के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने शनिवार को जीरकपुर के तीन अलग-अलग वार्डों में लोक मिलनियां कर क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं, शिकायतें और विकास से जुड़ी मांगें सुनीं तथा संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल करवाने का भरोसा दिया। विधायक रंधावा ने वार्ड नंबर-29 स्थित जनरल धर्मशाला भबात, वार्ड नंबर-16 के रॉयल एस्टेट और वार्ड नंबर-1 के रविंदरा एन्क्लेव, बलटाना में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इन बैठकों के दौरान सड़क, सफाई, सीवरेज, पानी, स्ट्रीट लाइट सहित क्षेत्र के अन्य विकास कार्यों को लेकर लोगों के साथ विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न वार्डों के लोगों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित समस्याएं विधायक के सामने रखीं। रंधावा ने कहा कि लोक मिलनियों का उद्देश्य लोगों और सरकार के बीच सीधा संवाद कायम करना है, ताकि जमीनी स्तर की समस्याओं और जरूरतों की सही जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए मोहल्लों और वार्डों तक पहुंचकर काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि जीरकपुर सहित पूरे डेराबस्सी हलके में विकास कार्यों को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है। ह्यपंजाब का एक ही नारा—भगवंत मान दोबाराह्ल अभियान के तहत आयोजित इन कार्यक्रमों में विधायक ने लोगों से सरकार के कामकाज और स्थानीय विकास योजनाओं को लेकर भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि लोगों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए संबंधित विभागों के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है।

# क्रिस्टल चौक में नगर निगम की कार्रवाई, अवैध खोखा हटाया

## ईएनटी अस्पताल के बाहर अतिक्रमण साफ, सामान जब्त; निगम ने दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी

-उप्पल-

अमृतसर/यूटर्न/08 अगस्त। सार्वजनिक सड़कों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त रखने के उद्देश्य से नगर निगम अमृतसर द्वारा शुक्रवार को क्रिस्टल चौक क्षेत्र में विशेष कार्रवाई की गई। निगम की प्रवर्तन टीम ने एक अवैध खोखा हटाने के साथ-साथ ईएनटी अस्पताल के बाहर सार्वजनिक स्थान पर किए गए अतिक्रमण को भी साफ करवाकर मौके पर रखा सामान एवं अन्य सामग्री जब्त कर ली गई।



### कमिश्नर के निर्देश पर हुई कार्रवाई

यह अभियान नगर निगम कमिश्नर बिक्रमजीत सिंह शेरगिल और अतिरिक्त नगर निगम कमिश्नर डॉ. जय इंदर सिंह के निर्देशों पर चलाया गया। सचिव/एस्टेट ऑफिसर सुशांत भाटिया और एस्टेट ऑफिसर धर्मिंदर जीत सिंह की निगरानी में प्रवर्तन टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

### पुलिस के सहयोग से हटाया अतिक्रमण

इंस्पेक्टर प्रीति चौहान और उनकी टीम ने पुलिस के सहयोग से सड़क एवं फुटपाथ के अतिक्रमित हिस्सों को खाली करवाया। आम लोगों के आवागमन में बाधा बन रहे सामान को हटाकर निगम ने अपने कब्जे में ले लिया।

### अतिक्रमण से यातायात व पैदल राहगीरों को परेशानी

निगम अधिकारियों ने कहा कि सड़कों और फुटपाथों पर अवैध कब्जे के कारण पैदल राहगीरों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी परेशानी होती है। इससे यातायात प्रभावित होने के अलावा सुरक्षा संबंधी समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं।

### बार-बार अतिक्रमण करने पर होगी सख्त कार्रवाई

निगम अधिकारीयों ने स्पष्ट किया कि शहर में अतिक्रमण विरोधी अभियान लगातार जारी रहेगा। दुकानदारों, रेहड़ी-फड़ी संचालकों और अन्य प्रतिष्ठानों से सार्वजनिक स्थानों को खाली रखने की अपील की गई है। निगम अधिकारियों ने चेतावनी दी कि बार-बार अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राधा स्वामी सत्संग श्रद्धालुओं के लिए ब्यास के लिए चलेंगी चार स्पेशल ट्रेनें

-उप्पल-

अमृतसर/यूटर्न/08 अगस्त। राधा स्वामी सत्संग के श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने ब्यास और हजरत निजामुद्दीन तथा ब्यास और सहारनपुर के बीच स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों के संचालन से विभिन्न राज्यों से ब्यास आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

04451/04452 हजरत निजामुद्दीन-ब्यास-हजरत निजामुद्दीन स्पेशल एक्सप्रेस 3 सितंबर 2026 को हजरत निजामुद्दीन से ब्यास के लिए एक ट्रिप चलेगी। ट्रेन शाम 7:40 बजे हजरत निजामुद्दीन से रवाना होकर



अगले दिन सुबह 4:05 बजे ब्यास पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 6 सितंबर को ब्यास से रात 8:35 बजे रवाना होकर सुबह 4:00 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी। दोनों दिशाओं में नई दिल्ली, सब्जी मंडी, अम्बाला छावनी, लुधियाना और जालंधर सिटी स्टेशनों पर इसका ठहराव होगा।

इसी तरह 04565/04566 सहारनपुर-ब्यास-सहारनपुर स्पेशल एक्सप्रेस दो-दो ट्रिप चलेगी। सहारनपुर से ब्यास के लिए ट्रेन 11 और 18 सितंबर को रात 8:50 बजे रवाना होकर अगले दिन रात 2:15 बजे ब्यास पहुंचेगी। वापसी में ब्यास से सहारनपुर के लिए यह ट्रेन 13 और 20 सितंबर को दोपहर 3:00 बजे रवाना होकर रात 9:10 बजे सहारनपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में यमुनानगर जगाधरी, जगाधरी वर्कशॉप, अम्बाला छावनी, लुधियाना और जालंधर सिटी रेलवे स्टेशनों पर ठहराव रहेगा। फिरोजपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बसंत कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इन विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे यात्रा से पहले ट्रेन के समय एवं परिचालन संबंधी जानकारी की पुष्टि कर लें।

# माहवारी के दौरान स्वच्छता का रखें विशेष ध्यान: एडीसी पल्लवी मिश्रा



उप्पल

अमृतसर/यूटर्न/08 अगस्त। महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रेड क्रॉस सोसायटी, अमृतसर की ओर से जागरूकता एवं सैनिटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम डिप्टी कमिश्नर दलविंदरजीत सिंह के दिशा-निर्देशों पर हुआ।

कार्यक्रम में अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर पल्लवी मिश्रा, आईएएस, ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि माहवारी महिलाओं के जीवन का प्राकृतिक हिस्सा है, इसलिए इस दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

# सात ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कराएगी 'सप्त ज्योतिर्लिंग महायात्रा', 25 सितंबर को दिल्ली से रवाना होगी भारत गौरव डीलक्स ट्रेन

उप्पल

अमृतसर/यूटर्न/08 अगस्त। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (IRCTC) ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए 'भारत गौरव डीलक्स AC टूरिस्ट ट्रेन' पर आधारित विशेष 'सप्त ज्योतिर्लिंग महायात्रा' शुरू करने की घोषणा की है। 11 दिनों की यह आध्यात्मिक रेल यात्रा मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के प्रमुख ज्योतिर्लिंगों तथा धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराएगी। ट्रेन 25 सितंबर 2026 को दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से रवाना होगी।

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को उज्जैन



के महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, नागेश्वर, सोमनाथ, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर और त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन का अवसर मिलेगा। यात्रा की शुरूआत उज्जैन से होगी, जहां श्रद्धालु महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करेंगे। इसके बाद खंडवा के माध्यम से नर्मदा नदी के तट पर स्थित ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की यात्रा कराई जाएगी।

इसके बाद ट्रेन गुजरात पहुंचेगी। द्वारका में श्रद्धालु प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर और रुक्मिणी देवी मंदिर के दर्शन करेंगे। इसके साथ ही नागेश्वर ज्योतिर्लिंग और बेट द्वारका का भ्रमण कराया जाएगा। यात्रा का अगला प्रमुख पड़ाव सोमनाथ होगा, जहां सोमनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर के अलावा सोमनाथ बीच और भालका तीर्थ के दर्शन कराए जाएंगे।

यात्रा के महाराष्ट्र चरण में पुणे के निकट स्थित भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग का दर्शन होगा। इसके बाद छत्रपति संभाजीनगर में एलोरा की विश्व प्रसिद्ध गुफाओं और कैलाश मंदिर के साथ घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग का भ्रमण कराया जाएगा। अंतिम धार्मिक पड़ाव नासिक होगा, जहां यात्री त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग और पंचवटी के दर्शन करेंगे। इसके बाद ट्रेन दिल्ली लौटेगी। यात्रा को यात्रियों के आराम को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। लगातार ट्रेन में रात बिताने के बजाय कई स्थानों पर 3-स्टार होटलों में रात्रि ठहराव की व्यवस्था की गई है। भारत गौरव डीलक्स ट्रेन में AC I, AC II और AC III श्रेणी के आरामदायक केबिन, शाकाहारी भोजन परोसने वाले रेस्टोरेंट, सुरक्षा सुविधाएं और समर्पित टूर मैनेजर उपलब्ध रहेंगे। IRCTC के अनुसार, पैकेज की शुरूआती कीमत ट्रिपल-शेयरिंग आधार पर प्रति व्यक्ति 88,810 रुपये है, जबकि AC I में सिंगल शेयरिंग की कीमत 1,34,255 रुपये तक है। भारत गौरव ट्रेन योजना के तहत भारतीय रेलवे की करीब 33 प्रतिशत छूट पहले ही पैकेज में शामिल है।

पैकेज में ट्रेन यात्रा, 3-स्टार होटल में ठहराव, शाकाहारी भोजन, अउ वाहनों से स्थानीय परिवहन व दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, यात्रा बीमा और IRCTC टूर मैनेजर की सेवाएं शामिल हैं। यात्रा की बुकिंग IRCTC के पर्यटन पोर्टल तथा अधिकृत IRCTC पर्यटन कार्यालयों के माध्यम से की जा सकती है।

# हरियाणा पुलिस अधिकारी के नशे में धुत बेटे ने मर्सिडीज से वैगन-आर को टक्कर मारी, महिला की मौत

## वर्तमान स्थान पर कारोबार जारी रखने की भी मांग, रोजगार छिनने की आशंका के बीच स्थायी समाधान की मांग



चंडीगढ़/यूटर्न/08 अगस्त। शनिवार सुबह दिल्ली के नरेला इलाके में शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति द्वारा चलाई जा रही मर्सिडीज बेंज कार ने वैगन-आर को टक्कर मार दी, जिससे 70 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मर्सिडीज ड्राइवर, जिसकी पहचान शुभम के तौर पर हुई है, को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि वह हरियाणा पुलिस के एक सब-इंस्पेक्टर का बेटा है।

यह हादसा नरेला के मामूरपुर इलाके में हुआ, जब मर्सिडीज ने वैगन-आर को टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि 70 वर्षीय महिला उर्मिला (जो मामूरपुर की रहने वाली थीं और सत्यनारायण की पत्नी थीं) दोनों गाड़ियों के बीच फंस गईं। पुलिस ने बताया कि उन्हें गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। टक्कर में वैगन-आर के ड्राइवर को भी चोटें आईं और उन्हें इलाज के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि उन्हें मामूली चोटें आई हैं। पुलिस के मुताबिक, हादसा होने के समय शुभम शराब के नशे में मर्सिडीज चला रहा था। उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया और बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने हादसे की वजहों की आगे जांच शुरू कर दी है।

इस घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच अधिकारी टक्कर से जुड़ी परिस्थितियों की जांच कर रहे हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि हादसे से ठीक पहले मर्सिडीज किस तरह चलाई जा रही थी। इस हादसे ने एक बार फिर राष्ट्रीय राजधानी में शराब पीकर और लापरवाही से गाड़ी चलाने के मुद्दे को चर्चा में ला दिया है। दिल्ली में तेज रफ़्तार या नशे में धुत ड्राइवरों की वजह से कई जानलेवा सड़क हादसे हुए हैं, जिनमें लग्जरी या भारी गाड़ियों की जोरदार टक्कर का शिकार अक्सर पैदल चलने वाले और छोटी गाड़ियों में सवार लोग होते हैं। आरोपी का हरियाणा पुलिस के सब-इंस्पेक्टर का बेटा होना भी इस मामले में ध्यान खींच सकता है, हालांकि पुलिस अधिकारियों ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि गिरफ्तारी या जांच में उसके पारिवारिक बैकग्राउंड की कोई भूमिका थी। पुलिस उपलब्ध सबूतों की जांच कर रही है और जांच के हिस्से के तौर पर गवाहों के बयान दर्ज किए जाने की उम्मीद है।

जांच के दौरान टक्कर से जुड़ी घटनाओं का सही क्रम पता लगाया जाएगा। इस घटना ने शराब पीकर गाड़ी चलाने से जुड़े कानूनों के पालन को लेकर भी चिंताएं बढ़ा दी हैं, खासकर वीकेंड पर जब ट्रैफिक पुलिस दिल्ली में कई जगहों पर खास चेकिंग करती है। जांच आगे बढ़ने के साथ ही और जानकारी मिलने की उम्मीद है।

# तेज रफ्तार स्विफ्ट कार कैंटर से भिड़ी, 3 युवकों की मौत, 2 की लाश फ्रंट सीट पर फंसी, एक की रोड पर गिरी



हादसे में उड़े कार के परखचे

जालंधर/यूटर्न/8 अगस्त। जालंधर भगत सिंह कॉलोनी के पास हाईवे पर शनिवार सुबह करीब 6 बजे एक तेज रफ्तार कार सड़क पर खड़े कैंटर से जा भिड़ी। हादसे के समय कार में तीन युवक सवार थे। हादसे में दो युवक कार के अंदर फ्रंट सीट पर फंस गए, जबकि एक युवक रोड पर जा गिरा। तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना खतरनाक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार की छत टूटकर अलग हो गई, नंबर प्लेट भी दूर जा गिरी। एयर बैग भी खुल गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत घटना स्थल पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसी लाशों को बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया है। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। हादसे में मृतकों की पहचान रामू (25) निवासी गुलमर्ग कॉलोनी, जालंधर और विजय वर्मा (26) के रुप में हुई है। जबकि तीसरे युवक की पहचान नहीं हो सकी।

### जालंधर से अमृतसर जा रही थी कार

एसएचओ राकेश कुमार के अनुसार तेज रफ्तार स्विफ्ट जालंधर से अमृतसर की ओर जा रही थी। भगत सिंह कॉलोनी के पास हाईवे पर कैंटर खड़ा हुआ था। तेज रफ्तार होने के कारण कार सीधे कैंटर में भिड़ गई। जानकारी के अनुसार मृतक विजय फैक्ट्री में काम करता था और करीब 10 साल से जालंधर में भाई राकेश के साथ रह रहा था। उसका बाकी परिवार यूपी के बलरामपुर में रहता है। हादसे के बाद कैंटर ड्राइवर मौके से फरार है।

# औसत रीडिंग पर आया बिजली बिल तो न हों परेशान, वास्तविक रीडिंग पर होगा समायोजन

जीरकपुर/यूटर्न/08 अगस्त। बिजली विभाग की ओर से कुछ उपभोक्ताओं को वास्तविक मीटर रीडिंग के बजाय एन-कोड अथवा औसत खपत के आधार पर बिजली बिल जारी किए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसे उपभोक्ताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है। निर्धारित बिलिंग चक्र के अनुसार अब मीटर रीडिंग कर्मचारी वास्तविक रीडिंग दर्ज कर रहे हैं। इसके बाद वास्तविक खपत के आधार पर नया बिल जारी किया जाएगा और पहले जारी औसत बिल में नियमानुसार समायोजन कर दिया जाएगा। विभाग के अनुसार, यदि कोई उपभोक्ता अपने औसत बिल में तत्काल सुधार करवाना चाहता है तो उसे कार्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ता अपने बिजली मीटर की केडब्ल्यूएच, केवीएएच और एमडीआई रीडिंग साफ दिखाई देने वाली फोटो या वीडियो संबंधित मीटर रीडिंग सुपरवाइजर को व्हाट्सएप के माध्यम से भेज सकते हैं।

# सेक्टर-39 में 20 सितंबर को मनाया जाएगा बाबा श्रीचंद जी महाराज का प्रकाश पर्व

- 8 अगस्त से 20 सितंबर तक रोजाना होंगे सुखमनी साहिब के पाठ, अखंड हवन और कड़ाह प्रसाद की सेवा के लिए संगत से सहयोग की अपील

चंडीगढ़। सेक्टर-39 स्थित गुरुद्वारा तप अस्थान बाबा श्रीचंद साहिब जी महाराज में आगामी 20 सितंबर, रविवार को धन-धन बाबा श्रीचंद साहिब जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व श्रद्धा और सत्कार के साथ मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और संगत की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजकों के अनुसार प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 8 अगस्त से 20 सितंबर तक लगातार बाबा श्रीचंद साहिब जी महाराज को समर्पित सुखमनी साहिब के पाठों की लड़ी आयोजित की जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में संगत के शामिल होने की उम्मीद है। प्रकाश पर्व के दौरान गुरुद्वारा साहिब में अखंड हवन भी आयोजित किया जाएगा। इसके लिए संगत से हवन सामग्री गुरुद्वारा साहिब के कार्यालय में पहुंचाने की अपील की गई है।

**कड़ाह प्रसाद की सेवा के लिए संगत से सहयोग की अपील...**आयोजकों ने संगत से सुबह-शाम की संगत के लिए कड़ाह प्रसाद की रसद की सेवा करने की भी अपील की है। जो परिवार अपने दशमांश में से कड़ाह प्रसाद की सेवा करना चाहते हैं, वे रसद के साथ अपना नाम और पता लिखकर गुरुद्वारा साहिब में जमा करवा सकते हैं, ताकि परिवार की सुख-शांति और चढ़दी कला के लिए अरदास की जा सके। आयोजकों ने कहा कि आर्थिक परिस्थितियों के कारण यदि कोई परिवार एक किलो देसी घी की सेवा करने में सक्षम नहीं है तो वह अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार आधा किलो या पाव किलो देसी घी की सेवा भी कर सकता है। संगत से अपनी इच्छा और सामर्थ्य के अनुसार सेवा करने की अपील की गई है।

**संत-महापुरुष को बुलाने की मांग...**संगत की ओर से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और गुरुघर के सेवादारों से इस बार प्रकाश पर्व के अवसर पर किसी संत-महापुरुष को आमंत्रित करने की मांग भी की गई है, जो संगत को बाबा श्रीचंद साहिब जी महाराज के जीवन और महिमा के बारे में जानकारी दे सके। आयोजकों ने संगत से अपील की है कि प्रकाश पर्व को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए सभी लोग तन, मन और धन से सहयोग करें तथा आयोजन की जानकारी अपने रिश्तेदारों, मित्रों और परिचितों तक पहुंचाएं।

# सिटी एन्क्लेव में दूषित पानी की शिकायत, सीवरेज का पानी सप्लाई में मिलने का आरोप



जीरकपुर/यूटर्न/08 अगस्त। वार्ड नंबर-30 स्थित सिटी एन्क्लेव में दूषित पेयजल की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है। क्षेत्रवासी नवतेज नवी ने आरोप लगाया कि पिछले करीब 10 दिनों से सीवरेज का गंदा पानी पेयजल आपूर्ति में मिलकर लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। इससे लोगों को साफ और सुरक्षित पीने के पानी की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नवतेज नवी के अनुसार इस संबंध में संबंधित अधिकारियों और उच्च अधिकारियों को कई बार जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। उनका आरोप है कि शिकायत के बाद कुछ अधिकारी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करते हैं और तस्वीरें खिंचवाने के बाद लौट जाते हैं, जबकि जमीनी स्तर पर समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दूषित पानी की सप्लाई के कारण उन्हें पीने और घरेलू इस्तेमाल के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ रही है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि सीवरेज मिला पानी लंबे समय तक सप्लाई होता रहा तो इससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति गंभीर बन सकती है। नवतेज नवी ने प्रशासन और नगर कौंसिल से मांग की है कि पानी की लाइन और सीवरेज नेटवर्क की तुरंत जांच कर लीकेज या अन्य तकनीकी खामी का पता लगाया जाए और उसका स्थायी समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को नियमित रूप से साफ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध करवाना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है।

# कांग्रेस की मीटिंग में फिर भिड़े नेता, पूर्व विधायक जस्सी और रजिया के समर्थकों में जमकर धक्का मुक्की, स्टेज से नीचे उतरे वड़िंग



आपस में भिड़े समर्थकों को रोकती पुलिस



स्टेज से नीचे उतरकर संबोधन करते राजा वडिंग

मलेरकोटला/यूटर्न/8 अगस्त। शनिवार को पंजाब में कांग्रेस के हर बूथ कांग्रेस मजबूत अभियान के मालवा ब्लॉक के आखिरी दिन मलेरकोटला में फिर विवाद हो गया। इस दौरान स्टेट पर चढ़ने को लेकर नेताओं के समर्थक आपस में भिड़ गए।

जिसके बाद जमकर धक्का मुक्की हुई। मीटिंग में पूर्व एमएलए जसवीर सिंह जस्सी जब स्टेज पर चढ़ने लगे तो रजिया सुल्ताना के पक्ष के कांग्रेस नेताओं ने उन्हें स्टेज पर चढ़ने से रोक दिया। इतने में ही दोनों पक्षों के वर्करों ने अपने-अपने नेता के लिए नारेबाजी की।

माहौल गर्म होता देख पंजाब कांग्रेस के प्रधान राजा वड़िंग की स्टेज से नीचे आकर लोगो को संबोधन करना पड़ा। खबर लिखने तक राजा वड़िंग स्टेज के नीचे ही बैठे है। इस मौके पर पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग शामिल होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इसके अलावा खन्ना में चन्नी गुट के समर्थकों ने बड़े स्तर पर होर्डिंग्स लगाए हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

## मलेरकोटला में पार्टी के अलग अलग गुट सक्रिय

मलेरकोटला में भी कांग्रेस कार्यकताओं के बीच जमीनी स्तर पर अलग-अलग गुट सक्रिय हैं। कार्यक्रम के बाद भूपेश बघेल और राजा वड़िंग चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गए। चंडीगढ़ पहुंचने के बाद राजा वड़िंग और भूपेश बघेल द्वारा पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। इस दौरान पिछले नौ दिनों में हुई बैठकों की समीक्षा कर रिपोर्ट तैयार की। यह रिपोर्ट हाईकमान को सौंपी जाएगी।

# उद्घाटन के इंतजार में करोड़ों की परियोजनाएं, ओंकार सिंह ने अनिल विज से मांगा जवाब



अंबाला। इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने अंबाला छावनी में करोड़ों रुपये की लागत से तैयार विभिन्न परियोजनाओं के अब तक शुरू न होने पर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कैबिनेट मंत्री अनिल विज से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। ओंकार सिंह ने कहा कि करीब 700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने शहीदी स्मारक, लगभग 200 करोड़ रुपये के हवाई अड्डे, 200 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक स्क्वेयर, फुटबॉल स्टेडियम और नाइट फूड मार्केट जैसी परियोजनाएं लंबे समय से उद्घाटन का इंतजार कर रही हैं। यदि ये परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं तो जनता को इनका लाभ क्यों नहीं मिल रहा और यदि काम अधूरा है तो सरकार को इसकी वजह बतानी चाहिए।

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या भाजपा हाईकमान और अनिल विज के बीच कथित नाराजगी का असर अंबाला छावनी के विकास कार्यों पर पड़ रहा है। ओंकार सिंह ने कहा कि जनता ने विकास के नाम पर सरकार का समर्थन किया, लेकिन आज तैयार परियोजनाएं भी लोगों के काम नहीं आ रही हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार जल्द स्थिति स्पष्ट करे और सभी तैयार परियोजनाओं को बिना देरी जनता को समर्पित करे।

# जगरांव में दिनदहाड़े बड़ी वारदात: एक्टिवा सवार महिलाओं को बनाया निशाना

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/8/अगस्त। जगरांव में लूट का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ बाइक सवार दो झपटमारों ने दिनदहाड़े एक महिला को अपना शिकार बनाया। आरोपियों ने पीड़ित महिला से सोने की चेन और पर्स छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**क्या है पूरा मामला?...** पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक, यह घटना 5 अगस्त दोपहर की है। शिकायतकर्ता सुनीता अग्रवाल (पत्नी संजय अग्रवाल, निवासी महा बिल्डिंग, लकड़ बाजार, सोलन, हिमाचल प्रदेश) ने बताया कि वह अपनी बहन के पास आई हुई थीं। घटना के दिन वह और उनकी बहन राम लाल हलवाई की दुकान पर खरीदारी करने के बाद स्कूटी पर वह अपने घर जा रही थीं।

☐ सोने की चेन और पर्स झपटने वाले दो आरोपी नामजद

**रेलवे स्टेशन की तरफ से आए थे आरोपी:** पीड़िता ने बताया कि उसी दौरान काले रंग की बाइक पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति रेलवे स्टेशन की तरफ से आए। उनके पास आते ही आरोपियों ने झपट्टा मारकर उनका सोने का हार/चेन और हैंड पर्स छीन लिया। छीने गए पर्स में 1500 रुपये नकद और आधार कार्ड की रंगीन कॉपी मौजूद थी।

घटना के तुरंत बाद घबराई हुई महिला ने शोर मचाया, जिसके बाद दोनों आरोपी अपनी काले रंग की बाइक पर पुरानी दाना मंडी की तरफ फरार हो गए।

**पुलिस कार्रवाई और नामजद आरोपी:** जांच के दौरान जब पुलिस को आरोपियों की पहचान के बारे में पता चला, तो मामले में दो लोगों को नामजद किया गया है।

राकेश कुमार उर्फ गुरी पुत्र जोगिंदर सिंह, निवासी नानकसर कलेरां, मनप्रीत सिंह पुत्र जसपाल सिंह, निवासी कोठे फतिउद्दीन।

पुलिस ने इस संबंध में थाना सिटी जगरांव मे मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले की आगे की जांच की जा रही है।

# होटल-फ्लाइट बुकिंग के नाम पर 70 लाख की ठगी, दंपती पर केस

जीरकपुर/यूटर्न/08 अगस्त। होटल और फ्लाइट की एडवांस बुकिंग के नाम पर करीब 70 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में जीरकपुर पुलिस ने मानसा ट्रैवल कार्ड से जुड़े मोहित आनंद और उनकी पत्नी निशा आनंद के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस की जांच में शिकायतकर्ता की ओर से लगाए गए आरोपों से संबंधित दस्तावेज और अन्य रिकॉर्ड मिलने के बाद एफआईआर दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। गोल्डन स्क्वायर निवासी सुमेहक बंसल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर से टूर पैकेज का काम करता था। मार्च 2024 में परिचित विकास गोयल के माध्यम से उसकी मुलाकात मोहित आनंद और निशा आनंद से हुई। आरोपितों का कार्यालय मेट्रो टाउन प्लाजा स्थित मानसा ट्रैवल कार्ड के नाम से बताया गया। शिकायतकर्ता के मुताबिक आरोपितों ने होटल और फ्लाइट की एडवांस बुकिंग पर बेहतर रेट दिलाने का भरोसा दिया और इसके लिए बड़ी रकम एडवांस में देने को कहा। इसके बाद उसने अलग-अलग तारीखों में करीब 70 लाख रुपये का भुगतान किया। पुलिस जांच रिपोर्ट के अनुसार 47 लाख 44 हजार 353 रुपये आरटीजीएस के माध्यम से, करीब 13 लाख 42 हजार 500 रुपये विभिन्न बैंक खातों में और करीब नौ लाख 28 हजार 350 रुपये नकद दिए जाने का दावा किया गया है।

# व्हाइट लुक में अभिनेत्री त्रिशा का ग्लैमरस अंदाज



अभिनेत्री त्रिशा का स्टाइलिश व्हाइट आउटफिट सोशल मीडिया पर ध्यान खींच रहा है। व्हाइट क्रॉप टॉप और फ्लेयर्ड पैंट्स के साथ उनका लुक बेहद एलिगेंट नजर आ रहा है। फ्लोरल डिजाइन वाले श्रग ने उनके पूरे अंदाज को और भी आकर्षक बना दिया। गोल्डन ज्वेलरी और खुले बाल उनके लुक को परफेक्ट टच दे रहे हैं। त्रिशा अपने फैशन और खूबसूरत अंदाज से अक्सर प्रशंसकों के बीच चर्चा में रहती हैं। उनका यह स्टाइलिश अवतार भी फैशन प्रेमियों को खूब पसंद आ सकता है।

# तिवारी ने सेक्टर-63 स्थित पार्क का किया उद्घाटन, वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी सुरक्षा की वकालत



चंडीगढ़/यूटर्न/08 अगस्त। चंडीगढ़ से सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष तिवारी ने चंडीगढ़ के सेक्टर-63 में विकसित किए गए पार्क का उद्घाटन किया। इस पार्क के विकास के लिए उन्होंने अपने संसदीय कोटे से ग्रांट जारी की थी। इस अवसर पर संबोधित करते हुए, तिवारी ने कहा कि इस पार्क को इस तरह विकसित किया गया है कि यह एक ह्यशहरी सथह्ल के रूप में काम कर सके। यहां वरिष्ठ नागरिक एक साथ बैठ सकें, आपस में बातचीत कर सकें और मनोरंजन से जुड़ी ऐसी गतिविधियों में शामिल हो सकें, जो उनके स्वास्थ्य और दीघार्यु के लिए लाभदायक हों। तिवाड़ी ने जोर देते हुए, कहा कि बड़ी आबादी के साथ-साथ भारत में बुजुर्ग आबादी भी बहुत तेजी से बढ़ रही है। इसलिए हमें एक व्यापक कानूनी ढांचा तैयार करने की आवश्यकता है, ताकि वरिष्ठ और अति वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य एवं मानसिक तंदुरुस्ती को सुनिश्चित किया जा सके। इन बुजुर्गों ने अपना पूरा जीवन अपने परिवारों की बेहतरी के लिए समर्पित किया है और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर तिवारी ने सरकार से अपील की कि एक उचित कानूनी ढांचा लागू किया जाए, जिसके तहत केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा बुजुर्ग नागरिकों की शारीरिक एवं मानसिक तंदुरुस्ती का पूरा ध्यान रखा जा सके। उन्होंने इस अवसर पर पहुंचे स्थानीय निवासियों से बातचीत की और उनका हाल चाल जाना। उन्होंने चंडीगढ़ की बेहतरी और देश के विकास को लेकर उनके विचार भी सुने। इस अवसर पर अन्य के अलावा, पूर्व मेयर रविंद्र पाल सिंह, चंद्रमुखी शर्मा, आरडब्ल्यूए-2 के चेयरमैन मनीष कुमार भारद्वाज, अध्यक्ष सतीश कुमार गुप्ता, सीनियर सिटीजन कमेटी के अध्यक्ष रणजीत सिंह तेवतिया, सीनियर सिटीजन कमेटी के सचिव पवन केसरी, आरडब्ल्यूए-2 (बीएचके) के सचिव डॉ. सुधीर मलिक, समिति सदस्य एन.पी. तिवारी, गुरप्रताप सिंह भट्टी, शिराज शर्मा, सुखविंदर सिंह, आरडब्ल्यूए-3 (बीएचके) के अध्यक्ष परमजीत सिंह बैनीपाल और आरडब्ल्यूए-1 (बीएचके) के अध्यक्ष जगबीर सिंह राठी भी मौजूद रहे।

# खेत में काम करने गए प्रवासी युवक की निर्मम हत्या, पीठ में घोंपा चाकू

## सनसनीखेज वारदात से इलाके में दहशत

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/8/अगस्त। थाना सदर रायकोट के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में दिनदहाड़े एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या करने का बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खेत में काम करने गए एक युवक की अज्ञात हमलावरों ने पीठ में छुरा घोंपकर बेरहमी से कत्ल कर दिया। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है और लोगों में भारी दहशत का माहौल है।

**क्या है पूरा मामला ?...**शिकायतकर्ता कुलदेव ऋषिदेव (पुत्र सुतारू ऋषिदेव, निवासी सिपल बिहार, हाल निवासी ताजपुर) ने पुलिस को दिए अपने बयानों में बताया कि उनका भतीजा प्रकाश कुमार (पुत्र दीप नारायण ऋषिदेव) सुखजीवन सिंह निवासी लँखा सिंह वाला के खेतों में सीरी (खेतिहर मजदूर) के तौर पर काम कर रहा था और वह सुखजीवन सिंह के घर पर ही रहता था। रोज की तरह प्रकाश कुमार सुबह खेत में काम करने गया था। अमूमन वह दोपहर का खाना खाने घर आता था, लेकिन जब वह तय समय पर घर नहीं लौटा, तो दोपहर करीब 3 बजे कुलदेव ऋषिदेव, राजीव कुमार के साथ सुखजीवन सिंह के खेत में पहुंचे। वहां देख उनके होश उड़ गए।

# एनआरआई की कीमती जमीन कब्जाने का प्रयास, एशियन स्कूल के चेयरमैन और पत्नी पर लगे आरोप, पुलिस को दी शिकायत

राजदीप सिंह

लुधियाना/यूटर्न/8 अगस्त। लुधियाना में लगातार बढ़ रहे जमीनों के दाम की वजह से लोगों के ईमान बेइमान होने शुरू हो चुके हैं। हालात यह है कि शहर के नामी लोगों पर भी अब कब्जे करने के आरोप लगने लग गए हैं। ताजा मामला गांव बदोवाल का सामने आया है।

जहां पर एक एनआरआई द्वारा एशियन स्कूल के चेयरमैन आदित्य लाडिया और उनकी पत्नी शाइना लाडिया और स्कूल प्रिंसिपल पर जबरन जमीन कब्जाने, चोरी और तोड़फोड़ करने के आरोप लगे हैं। इस संबंध में एनआरआई की तरफ से एसएसपी जगराओं को शिकायत भी दी गई है। हालांकि आदित्य लाडिया द्वारा इस बात से साफ इंकार किया गया है। जानकारी देते हुए जोबनजीत सिंह हुंदल ने बताया कि उनके रिश्तेदार फिल्लौर के रहने वाले सुखविंदर सिंह एनआरआई है। उनका एक प्लॉट 608.6 गज गांव बदोवाल



में मौजूद है, जो कि तीन खसरा नंबर का हिस्सा है। यह प्लॉट राजेश अग्रवाल से फरवरी 2012 में खरीदा गया था। जिसकी पावर ऑफ एंटर्नी जोबनजीत सिंह के पास है। यह जमीन एशियन स्कूल के एकदम साथ लगती है। जिसके चलते इस पर कब्जा किया जा रहा है।

**जबरन स्कूल में मिल डाली जमीन...**जोबनजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने उक्त तीन खसरों में 608.6 गज जमीन खरीदी थी, जबकि बाकी का रकबा शाइना लाडिया ने खरीदा था। उनका इंतकाल नंबर भी अलग है। जोबनजीत अनुसार उन्होंने उक्त जमीन 2012 में खरीदी, जबकि शाइना ने 2024 में खरीदी थी। आरोप है कि आदित्य द्वारा समझी साजिश के तहत उनकी जमीन में से 200 गज जमीन अपने स्कूल में मिलाकर कब्जा कर लिया। उनकी चारदीवारी गिरा दी। जब जोबनजीत मौके पर गया तो उसने कब्जा देखा। जबकि प्लॉट पर लगा गेट व अन्य सामान चोरी था। आदत्यि और शाइना द्वारा स्कूल प्रिंसिपल और कई अन्य लोगों के साथ मिलकर यह कब्जा किया।

**दूसरे के खसरे नंबर दिखा किया कब्जा...**जोबनजीत सिंह अनुसार बीआरएस नगर के डॉ. प्रभजीत सिंह और उनकी पत्नी रिंपू दमन की भी गांव बदोवाल में जमीन थी। जिसके खसरा नंबर भी अलग है। आदित्य की और से उनके खसरे की जमीन खरीद ली, जबकि कब्जा उनकी जमीन पर कर लिया। जब उन्होंने रिंपू दमन खिलाफ पुलिस को शिकायत दी तो उन्होंने एक एफिडेविट दिया।

जिसमें लिखा है कि आदित्य और शाइना लाडिया को उन्होंने दूसरी जमीन बेची थी, जिसे पहले ही स्कूल में मिला लिया गया है। लेकिन वे उनका नाम इस्तेमाल करके जोबनजीत की जमीन कब्जाने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि उनका जोबनजीत की जमीन से लेनदेन नहीं है। जोबनजीत का आरोप है कि आदित्य द्वारा शातिर तरीके से रिंपू दमन के पति डॉ. प्रभजोत को उनके प्लॉट में खड़े करके फोटो क्लिक करके रजिस्ट्री बैनामा में इस्तेमाल की गई, जो कि अलग अपराध बनता है।

# पुलिस का बड़ा प्रहार: नशा तस्करों पर कसा शिकंजा, हेरोइन, गोलियां और अवैध शराब बरामद

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/8/अगस्त। पंजाब के विभिन्न हिस्सों में पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए गए एक विशेष अभियान के दौरान बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी करते हुए नशे का कारोबार करने वाले कई तस्करों को गिरफ्तार किया है।

**गिरफ्तार आरोपियों और दर्ज मामलों का विस्तृत विवरण:** पहले मामले में पुलिस ने विशाल सिंह उर्फ विशाली (पुत्र बलवीर सिंह, निवासी गिल पट्टी, सुधार) को सुधार के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से 12 नशीली गोलियां बरामद हुई हैं। दूसरे मामले में पुलिस ने वार्ड नंबर 5, रायकोट निवासी हैप्पी सिंह उर्फ गांधी (पुत्र जसवंत सिंह) को रायकोट सिटी को गिरफ्तार कर उसके पास से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है।

तीसरे मामले में पुलिस ने अमरजीत सिंह उर्फ काका (पुत्र मलुक सिंह) को छप्पर के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 20 नशीली ट्रामडोल गोलियां बरामद की गई। चौथे मामले में पुलिस ने जगदीश सिंह (पुत्र महिंदर सिंह) को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से 13 बोतल अवैध शराब बरामद की है।

इनके अलावा, पुलिस ने एक और मामले में 5.32 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) भी बरामद की है। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ ठउ्ढर एक्ट और एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस के आला अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में नशे के खात्मे के लिए यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी और किसी भी तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में 'एक्टिव लर्निंग' पर शिक्षकों को मिला नया मंत्र



लुधियाना/यूटर्न/08 अगस्त। डीएवी पब्लिक स्कूल, बी.आर.एस. नगर में 8 अगस्त को 'सक्रिय अधिगम' (Active Learning) विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षण तकनीकों से जोड़ना और कक्षा में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में न्यू जी.एम.टी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या सुश्री कनिका सचदेवा और के.वी.एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल की पी.जी.टी. सुश्री मेघना वोहरा ने स्रोत-व्यक्तियों के रूप में चार संवादात्मक सत्रों का संचालन किया।

सत्रों में शिक्षकों को बताया गया कि पढ़ाई को केवल किताबों तक सीमित रखने के बजाय गतिविधियों, चचाओं और व्यावहारिक कार्यों के जरिए विद्यार्थियों के लिए रोचक बनाया जा सकता है। साथ ही संचार, सहयोग, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान जैसे 21वीं सदी के कौशलों को कक्षा में शामिल करने पर जोर दिया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती जे.के. सिद्धू ने विशेषज्ञों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इन नई रणनीतियों से कक्षाएं अधिक रोचक, प्रभावी और विद्यार्थी-केंद्रित बनेंगी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372